www.sutrakarsamachar.com

सब्सक्राइब करें

वर्ष : 60, अंक : 162
रांची, शनिवार
15 जून 2024
पेज -08, मूल्य : 3 रुपया
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत, 2081

# सच का पैरोकार
# सूत्रकार



DL No.30/2022 रांची व कोलकाता से प्रकाशित

22 जुलाई को पेश हो सकता है बजट, आएगा इकोनॉमिक सर्वे

### राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में बोले मंत्री बादल पत्रलेख

## किसानों के 2 लाख तक के लोन होंगे माफ

**रांची, सूत्रकार**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि किसानों के दो लाख रुपए तक के लोन (ऋण) माफ किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने सभी बैंकों से प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा है। 31 मार्च 2020 तक किसानों द्वारा 50 हजार से लेकर दो लाख तक लिए गए लोन वन टाइम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किए जाएंगे। इसके लिए सभी बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। मंत्री बादल पत्रलेख शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ केसीसी लोन समेत कृषि कार्य के लिए किसानों द्वारा लिए गए लोन की माफी योजना को लेकर बैठक कर रहे थे।



**4 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों को मिल चुकी है राहत**

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वादे के मुताबिक ऐसे किसानों को राहत दी है, जो बैंक लोन की वजह से चिंता में डूबे हुए थे। झारखंड के करीब 4 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों के 50 हजार रुपए तक के लोन माफ किये जा चुके हैं। इस मद में सरकार द्वारा 1900 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि बैंकों को दी गयी है।

**पहले 50 हजार तक का लोन माफी की हुई थी घोषणा**

वर्ष 2021-22 में सरकार ने किसानों को राहत देने के मकसद से 50 हजार रुपए तक की राशि के लोन को माफ करने की घोषणा की थी। अपने वादे के मुताबिक सरकार ने वैसे सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया है, जिनकी केवाईसी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बहुराज्यीय भूमि सहकारी विकास बैंक समिति, पटना के 10 हजार ऋणी किसानों के कर्ज माफ करने पर विचार किया गया। लोन लेने वाले एससी/एसटी और कमजोर वर्ग के किसानों के ऋण माफ किये जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। इसके साथ ही देवघर को-ऑपरेटिव ग्रेन बैंक, लिमिटेड, देवघर द्वारा 14 हजार 346 ऋणी किसानों के कर्ज को भी माफ करने पर विचार किया गया।

**मंत्री ने बैंक अधिकारियों को दिए निर्देश**

मंत्री बादल पत्रलेख ने सभी बैंकों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वैसे किसानों के खाते, जो एनपीए हो चुके हैं, उन खातों को बंद करने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजें, ताकि किसानों को ऋणमुक्त किया जा सके। ऐसे ऋणी, जिनकी मौत हो चुकी है तथा जिनके खाते एनपीए हो गये हैं, वैसे किसानों के लिए सक्षम साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद उन्हें भी बिना केवाईसी के लाभुकों की श्रेणी में शामिल किया जाएगा।

**ये थे उपस्थित**

बैठक में मुख्य रूप से विकास आयुक्त अविनाश कुमार, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दिकी सहित राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रक और ऑटो की टक्कर में पांच की मौत, आठ लोग घायल

**गढ़वा, एजेंसी**

जिले में ट्रक और ऑटो की भीषण टक्कर में पांच मजदूरों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना नगरउंटारी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 75 पर घटी। सभी घायलों को इलाज के लिए गढ़वा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सड़क हादसे के शिकार सभी लोग नगरउंटारी थाना क्षेत्र के सीरिया तोमर गांव के रहने वाले हैं। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने सभी मजदूरों की मौत की पुष्टि की है।

मृतकों की पहचान दुद्धी महुली गांव के बिमलेश कुमार कनौजिया 42 वर्ष, अरुण भुइयां 30 वर्ष, बिकेश भुइयां 20 वर्ष, राजा कुमार 21 वर्ष और राजकुमार भुइयां 53 वर्ष के रूप में हुई है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सभी मजदूर काम के लिए राज्य से बाहर जा रहे थे। सभी अगली सुबह शुक्रवार को नगरउंटारी रेलवे स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस पकड़ने वाले थे।



इसी क्रम में नेशनल हाईवे 75 पर पाल्हे में पुल के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने मजदूरों को लेकर जा रहे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो कुछ दूर जाकर गिरा।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने पांच मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मजदूरों के परिजन और शुभचिंतक मौके पर पहुंच गए हैं, वहीं गांव में कोहराम मचा हुआ है। घायल और मृतक सभी एक ही गांव के हैं और आपस में रिश्तेदार हैं। घायलों में सीरिया टोंगर, राम प्रसाद राम 35 वर्ष, छोटू लाला भुइयां 35 वर्ष, उमेश भुइयां 35 वर्ष, राकेश भुइयां 36, मेराज अंसारी 27 वर्ष और संजय भुइयां शामिल हैं।

## बम धमाकों से फिर दहला धनबाद, जमकर हुई गोलीबारी

**लोयाबाद, सूत्रकार**

धनबाद के लोयाबाद थाना क्षेत्र के बांसजोड़ा साकार मास आउटसोर्सिंग स्थल गोली-बम के धमाकों से दहल उठा। घटना गुरूवार की रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। अपराधियों ने आउटसोर्सिंग के व्यू प्यांट पर गोली-बम चलाकर दहशत फैलाया। आउटसोर्सिंग स्थल बम के धमाको से गूंज उठा।



घटना की जानकारी मिलने के बाद लोयाबाद पुलिस रात में ही घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन किया। घटनास्थल से एक जिंदा गोली, एक खोखा और बम की सुतली बरामद हुई है। घटना के बाद सुबह आउटसोर्सिंग के मजदूरो ने सुरक्षा की मांग को लेकर काम बंद कर दिया और घटना के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। पुलिस और आउटसोर्सिंग प्रबंधन के आश्वासन के बाद मजदूर काम पर लौटे।

बांसजोड़ा साकार मास आउटसोर्सिंग कंपनी जो कि अभी डेको आउटसोर्सिंग द्वारा पेटी कांट्रेक्ट पर चलाया जा रहा है। तृतीय पाली मे रात्री करीब एक बजे चार मोटरसाइकिल पर सवार नकाबपोश नौ अपराधी आउटसोर्सिंग के व्यू प्यांट पर पहुंचे और बम पटकना शुरू कर दिया। अपराधियों ने करीब एक दर्जन बम विस्फोट किए और जाते-जाते गोलीबारी भी की। बम के धमाके और गोलियों की तड़तड़ाहत सुन वहां पर अफरा तफरी मच गई। कर्मी अपनी-अपनी हाइवा लेकर इधर-उधर भागने लगे।

मामले मे साकार मास आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी जयशंकर शर्मा ने लोयाबाद पुलिस से 9 अपराधियो के खिलाफ माइंस के व्यू प्यांट मे 8-10 बम विस्फोट करने और दो राउंड गोली चलाकर कंपनी का काम बंद करवाने की लिखित शिकायत की है। अपनी शिकायत मे उन्होने बताया है कि घटना मे तृतीय पाली के शिफ्ट इंचार्ज गौतम महतो बाल बाल बचे और जाते-जाते कंपनी को मैनेज करने की बात बोले और न करने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी कंपनी मे तोड़ फोड़ और मारपीट की घटना हुई है। घटना की निंदा करते हुए डेको के जीएम मधु सिंह ने कहा कि पुलिस से सुरक्षा की मांग की गई है।

### रांची लैंड स्कैम केस में शेखर कुशवाहा से 3 दिन पूछताछ करेगी ईडी

**रांची, सूत्रकार**

जमीन घोटाला मामले में बुधवार को गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा से ईडी 3 दिनों तक पूछताछ करेगी। पीएमएलए की विशेष अदालत ने 3 दिनों की रिमांड की अनुमति दी है। ईडी ने 7 दिनों की रिमांड देने का आग्रह किया था। लेकिन कोर्ट ने 3 दिन की रिमांड दी। दरअसल, जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा के ठिकाने पर ईडी दो बार 22 अप्रैल 2023 एवं 16 अप्रैल 2024 को छापेमारी कर चुकी है। ईडी ने उसे बीते बुधवार को हीनू स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिये उसे बुलाया था। लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने भूमि घोटाले से संबंधित केस में कुशवाहा गिरफ्तारी की है। उम्मीद की जा रही है कि शेखर कुशवाहा से होने वाली पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते है और कई ऐसे लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं, जो पर्दे के पीछे रहकर आदिवासी जमीन को जनरल बना कर बेचने का गोरखधंधा करने के खेल में शामिल हैं।

## जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे पीएम मोदी, जॉर्जिया मेलोनी ने किया स्वागत

**रोम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इटली में जी7 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने हाथ जोड़कर एक-दूसरे का अभिवादन किया और संक्षिप्त रूप से अभिवादन किया। इससे पहले आज, पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान विश्व नेताओं के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से बातचीत की। पता चला है कि जेलेंस्की ने मोदी को रूस-यूक्रेन संघर्ष के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। मोदी ने पिछले साल मई में हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। भारत का कहना है कि यूक्रेन में संघर्ष को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए।



**ऋषि सुनक और इमैनुएल मैक्रों के साथ मुलाकात**

इससे पहले पीएम मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन से इतर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के अलावा दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के अपुलिया में हैं।

विशेष रूप से, भारत एक आउटरीच देश के रूप में शिखर सम्मेलन में भाग ले रहा है। यह शिखर सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलिया क्षेत्र में शानदार बोर्गो एग्नाज़िया रिसॉर्ट में हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

**सार्थक चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं : मोदी**

यहां पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और उज्जवल भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक की पिछली मुलाकात 9 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। अक्टूबर 2022 में प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री सुनक की यह पहली भारत यात्रा थी।

गुरुवार देर रात (स्थानीय समय) अपुलिया के ब्रिंडिसि हवाई अड्डे पर जैसे ही प्रधानमंत्री मोदी उतरे, इटली में भारत की राजदूत वाणी राव और अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

### अयोध्या राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, बढ़ाई गई सुरक्षा

**अयोध्या, एजेंसी**

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की राम मंदिर को उड़ाने की धमकी के बाद अयोध्या हाई अलर्ट पर है। राम मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके अलावा महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट व अन्य प्रमुख स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को भी बढ़ाया गया है। एसएसपी राज करण नय्यर ने स्वयं एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। अलग-अलग जोन बनाकर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। सभी अलर्ट मोड पर हैं।

गौरतलब है कि राम मंदिर को बम से उड़ाने का एक ऑडियो में जैश-ए-मोहम्मद धमकी दी है। इसी के साथ ही राम मंदिर व अयोध्या की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### बिहार में बेरोजगारों को मिलेगा भत्ता

**पटना, एजेंसी**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को तीन महीने बाद बिहार कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में 25 अहम एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट की बैठक में मनरेगा के तहत बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली 2024 के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही सरकारी कर्मचारियों के मकान किराया भत्ता (हाउस अलाउंस) दर में बदलाव के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

**कैसे मिलेगा बेरोजगारी भत्ता** : बेरोजगारी भत्ता नियमावली के तहत अगर कोई व्यक्ति मनरेगा के तहत काम करना चाहता है और उसने आवेदन किया हुआ है। लेकिन फिर भी 15 दिनों के अंदर अगर रोजगार नहीं मिलता है तो मांग तिथि से तय सीमा तक बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।

**सरकारी कर्मचारियों के हाउस अलाउंस में इजाफा** : कैबिनेट ने राज्य वेतन आयोग की अनुशंसा पर मकान किराया भत्ता दर में बदलाव किया है। जिसके बाद कर्मियों के हाउस अलाउंस में एक से चार फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। श्रेणी के शहरों में इसे 16 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया गया है। वहीं श्रेणी के शहरों में यह 7.5 फीसदी से बढ़कर 10 फीसदी हो गया है और सब-डिवीजन एवं छोटो शहरों में इसे बढ़कार 7.5 फीसदी कर दिया गया है।

**इन एजेंडों पर भी लगी मुहर** : कैबिनेट की बैठक में बिहार भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत भूमि सर्वेक्षण का काम करने वाले नियमित और संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों के सेवा विस्तार का प्रस्ताव भी पास कर दिया गया। इसके अलावा 15 साल से पुराने सभी सरकारी वाहनों को स्क्रैप करने की योजना को मंजूरी दी गई है। गोपालगंज जिले के कटैया अंचल में एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र लगाया जाएगा। संयंत्र लगाने के लिए पशु मत्स्य संसाधन विभाग को निःशुल्क अंतरविभागीय हस्तांतरण को मंजूरी दी गई है।



# ट्रेन हादसे में मृतकों की हुई पहचान, पत्नी से विवाद के बाद दो बच्चों के साथ की आत्महत्या

**जमशेदपुर, सूत्रकार**

जमशेदपुर के गोविंदपुर हॉल्ट के समीप डाउन लाइन के समीप हावड़ा की ओर शुक्रवार तड़के तीन बजे मालगाड़ी की चपेट में आकर दो बच्चे समेत तीन की मौत हो गई। लोको पायलट ने तत्काल इसकी सूचना गोविंदपुर हॉल्ट के स्टेशन मास्टर को दी जिसके बाद गोविंदपुर पुलिस को सूचित किया। गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, घटना के 12 घंटे बाद पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली। मृतकों में 30 वर्षीय लालटू गोप, 3 वर्षीय बेटी लक्ष्मी गोप और 2 साल का बेटा अंकित गोप शामिल है। सभी परसुडीह थाना क्षेत्र के ही महतोडीह निवासी नयन दास के घर किराए के मकान में रहते थे। लालटू मूल रुप से पोटका प्रखंड के शंकरदा गांव का रहने वाला था और जमशेदपुर में रहकर मजदूरी कर जीवन यापन करता था।



**लापता है पत्नी, मोबाइल भी स्वीच ऑफ :** इधर, पुलिस शव की पहचान के बाद जब मंटू के आवास पहुंची तो वहां से लालटू की पत्नी मंगला गोप को गायब पाया। पुलिस ने जब पत्नी के मोबाइल नंबर पर फोन किया तो उसका मोबाइल नंबर भी बंद आया। पुलिस ने नयन दास से पूछताछ की तो पाया कि पति-पत्नी के बीच रिश्ते ठीक नहीं थे। अक्सर दोनों के बीच विवाद होता था। दोनों ने चार साल पहले प्रेम विवाह किया था और उनके मकान में किराए पर रह रहे थे। बताया जा रहा है कि पत्नी तीन महीने से गायब है जिस कारण लालटू अपने बच्चों की देखभाल और काम नहीं कर पा रहा था। जिस कारण डिप्रेशन में आकर लालटू ने बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली।

**गांव में रहती है मां और बहन :** लालटू के गांव में उसकी मां और बहन रहती है। मां किसी तरह जंगल से लकड़ी बेचकर जीवन-यापन करती थी। उनपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। इधर मामले को लेकर शंकरदा गांव के पूर्व जिला पार्षद करुणामय मंडल ने कहा कि जल्द से जल्द मामले की निष्पक्ष जांच हो एवं दोषी के ऊपर उचित कार्रवाई की जाए।

**मालगाड़ी की टक्कर से हुई थी मौत :** गोविंदपुर थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने बताया कि स्टेशन मास्टर ने सुबह तीन बजे फोन पर घटना की सूचना दी। सूचना पर वे खुद घटनास्थल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि घटना गोविंदपुर हाल्ट से थोड़ी दूरी पर हुई है। पुलिस मंटू की पत्नी मंगला की तलाश में जुटी है। मंगला के मिलने पर ही आत्महत्या का राज खुल पाएगा। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम हाउस के शव गृह में रखवा दिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### बिरसा कृषक पाठशाला के कार्य स्थल पर नहीं है कोई बोर्ड



**पोटका, सूत्रकार**

प्रखंड के सोहदा पंचायत अंतर्गत बालीजुड़ी में कृषि विभाग की ओर से बिरसा कृषक पाठशाला करोड़ों की लागत से बनाया जा रहा है। प्रखंड मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता होपना महाली तथा पूर्व मुखिया चांदमणि महाली ने जब योजना स्थल का निरीक्षण किया तो वहां पर किसी तरह का बोर्ड नहीं लगाया गया है। वहा उपस्थित मुंशी ने बताया की यह संस्था के द्वारा बनाया जा रहा है। लेकिन संस्था का नाम बताने से इंकार किया। श्री होपना ने कहा की जहां करोड़ों रुपए का जनता हित में योजनाओं को लिया जा रहा हो वहा आम जनता को ही योजना की जानकारी नहीं है। ग्रामीण आते है मूक दृष्टि देखकर चले जा रहे है। इसके अलावा जो भवन बनाया जा रहा है उसमे गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। बालू तथा ईट भी घटिया किशन का है। सरकारी राशि का दुरुपयोग है। उन्होंने कहा है की इस संबंध में कृषि मंत्री भारत सरकार तथा उपायुक्त से शिकायत किया जाएगा।

### बकरीद को लेकर लोयाबाद थाना शांति समिति की बैठक संपन्न



**लोयाबाद, सूत्रकार**

थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता एसआई सूर्यप्रकाश दुबे एंव संचालन सुनील पांडेय ने किया। सूर्यप्रकाश ने कहा कि बकरीद पर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है।क्षेत्र में कहीं से किसी प्रकार की कोई हिंसक व अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है। किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दे। सभी सदस्यो ने बकरीद पर्व का मुबारकवाद देते हुए अपना विचार प्रगट कर इसका सर्मथन किया। बैठक मे एसआई राहुल सिंह, जयप्रकाश पांडेय, विजेन्द्र पासवान, रवि चौबे, सिपाही चौहान, सोहन महतो, अवधेश सिंह, राजेन्द्र पासवान, एसएस प्रसाद, शंकर केशरी, मन्नू सिंह, गोला अंसारी, रामाशंकर महतो, शंकर तुरी, रंजीत साहनी, संतोष महतो, श्रीराम चौहान, अजीत पासवान आदि मौजूद थे।

### कपुरिया में अवैध कोयला लदा हाइवा जब्त, मालिक व चालक के पर प्राथमिकी दर्ज

**कतरास, सूत्रकार**

कपुरिया ओपी पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार का भंडाभोड़ किया है। पुलिस ने गुरुवार देर रात धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग में कपुरिया जोड़िया पुल के पास कोयला लदा हाइवा को पकड़ा। मौके से हाइवा के चालक व उप चालक भाग निकले। पुलिस ने हाइवा संख्या जे एच 10 सीजी /6414 को जब्त कर ओपी ले आई है। हाइवा में लगभग 16 टन कोयला लोड है। इस बाबत सहायक अवर निरीक्षक अजय कुमार सिंह के लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने हाइवा के मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस हाइवा में अंकित रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर हाइवा मालिक व चालक के नाम का सत्यापन करने में जुट गई है। फिलहाल ओपी का प्रभार संभाल रहे दारोगा वृंदावन सरदार ने बताया कि हाइवा पुटकी की ओर से आ रहा था। पुल के पास हाइवा को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने वाहन खड़ी कर भाग निकला। संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि चालक हाइवा में अवैध कोयला लोड कर कपुरिया में संचालित एक भट्ठा में जा रहा था। इसी दौरान हाइवा गश्ती दल के हत्थे चढ़ गया।

### पानी की समस्या से जूझ रहे छाताबाद के लोगों ने झमाडा कर्मियों को घेरा



**कतरास, सूत्रकार**

बीते कई माह से पानी की समस्या से जूझ रहे छाताबाद दस नंबर व आसपास के नागरिकों के सब्र का बांध शुक्रवार को टूट गया।नागरिकों ने छाताबाद पांच नंबर स्थगित कतरास चैतूडीह पानी टंकी के समीप जमकर बवाल काटा और झमाडा कर्मियों को घंटों बंधक बनाकर रखा। आक्रोशित लोग नियमित जलापूर्ति की मांग कर रहे थे। सूचना पाकर झमाडा के एसडीओ कौशलेश कुमार यादव मौके पर पहुंचे। उन्हें भी नागरिकों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ा। एसडीओ ने तोपचांची झील में पानी का जलस्तर नीचे जाने का जिक्र करते हुए कहा कि टेंडर पास होते ही तोपचांची झील का जीर्णोद्धार किया जाएगा। एसडीओ ने धर्मांबांध जलापूर्ति स्थल का जायजा लिया। उन्होंने छाताबाद और छाताबाद 10 नंबर में बराबर बराबर जलापूर्ति करने का भरोसा देते हुए कहा कि इसके लिए छाताबाद ओवरब्रिज से गुजरे पाइप की मरम्मत कराई जाएगी। साथ ही धमार्बांध से पीट वाटर की आपूर्ति कराने का व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके बाद लोगों का गुस्सा ठंडा हुआ। मौके पर भाजपा के मुकेश झा, पूर्व पार्षद महेश पासवान, जितेंद्र शर्मा, दुर्गा ठाकुर, पोदिन भुइंया, दिलीप शर्मा, संजय शर्मा, इमरान अंसारी, सूरज दास, निखील चौहान, चंदेश्वर नोनिया, बिरेंद्र शर्मा समेत काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### कलियुगी पुत्र के पिटाई की डर से बुजुर्ग पिता ने छोड़ा घर,महुदा में मिला बेहोश



**महुदा, सूत्रकार**

महुदा थाना के बगल में स्थित दुकान के सामने घंटो बेहोश पड़े बुजुर्ग को महुदा के पत्रकारों एवं पदुगोड़ा मुखिया महेश पटवारी के सहयोग से इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस द्वारा भेजा गया धनबाद। बेहोश बुजुर्ग को पत्रकारों ने पानी एवं जूस पिलाकर होश में लाया। पूछे जाने पर बुजुर्ग ने अपना नाम खुदी राम पाल बताया तथा उसने बताया कि वह झरिया पोद्दारपाड़ा का रहने वाला है। साथ ही उसने बताया कि वह अपने पुत्र तापस पाल के मारपीट के डर से घर से भाग गया। साथ ही उसने बताया उसका पुत्र बिना कारण बेरहमी से मारपीट करता है।

## मासिक होना समस्त स्त्री जाति के लिये प्रजनन क्षमता का आधार है : डॉ गोडसोरा

**चाईबासा, सूत्रकार**

रोजो पर्व के अवसर पर आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रीना गोडसोरा मूर्मू ने मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के उदयपुर,तोपो साई ढोलबानीं ,झींगामार्चा में ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को बधाई दी और उनके बीच सैनिटरी पैड का वितरण किया। इस क्रम मे मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और अन्य बीमारी की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सैनिटरी पैड के इस्तेमाल से ना सिर्फ.सहूलियत होगी , अधिक रक्त स्राव का अंदाजा लगाया जा सकता है,बल्कि तरह तरह के इन्फेक्शन ,मासिक धर्म में अनियमितता और भविष्य मे बांझपन से भी बचा जा सकता है।



यह पर्व समस्त स्त्री मनाती है। घर में झूले लगते है,जगह के हिसाब से पकवान भी बनता हैं ।मासिक होना समस्त स्त्री जाति के लिये प्रजनन क्षमता का आधार है।

## बरारी कोलियरी स्टोर पर चोरों ने बोला धावा, लाखों की संपत्ति ले भागे

**जोड़ापोखर, सूत्रकार**

लोदना एरिया अंतर्गत बरारी कोलियरी के स्टोर से चोरो ने ताला तोड़कर डेढ लाख रुपये की समान की चोरी कर ली। कोलियरी प्रबंधक ए शील ने जोड़ापोखर थाना में इस मामले मे लिखित शिकायत दर्ज कराई है। बताया जाता है की बरारी के बन्द सेंटर स्टोर से आये दिन लोह सामग्री की चोरी चोरो द्वारा की जाती हैं।

चोरो के सिंडिकेट में आपसी रंजिश में कई बार गोली बारी की घटना भी हो चुकी है। चोरो के दल ने गुरुवार की रात बरारी कोलियरी के स्टोर में धावा बोलकर डेढ लाख की सम्पति चोरी कर ली है। स्टोर में रखा गया 200 लीटर मोबिल सहित लोह सामग्री चोरी कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है की बीसीसीएल के अधिकारी सुरक्षा को लेकर लापरवाह हैं। इसके बाद जोड़ापोखर थाना में चोरी का मामला दर्ज कराया जाता है। कम्पनी के पास सीआईएसएफ जवान की फौज है फिर भी चोरी कैसे हो जाता है।



### बकरीद को लेकर जोगता में शांति समिति की बैठक संपन्न

**कतरास, सूत्रकार**

बकरीद को लेकर जोगता थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता कर रहे थानेदार राजेश कुमार ने पर्व को शांति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील लोगों से की। उन्होंने सभी को सरकारी गाइडलाइन से अवगत कराते हुए कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी साथ ही सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर कार्रवाई होगी। इसके लिए सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने किसी तरह की जानकारी मिलने पर तत्काल सूचना देने की अपील की। बैठक में शकील अहमद, भोला राम, सुदर्शन सिंह, रामेश्वर राम, रूस्तम अंसारी, मो। अनसारुल, मुन्ना, अनुज सिन्हा, मुकेश गुप्ता, मजहर अंसारी, मोहन लाल नोनियां, जावेद अंसारी, मंगल चौहान, निर्मल कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## सांसद पुतरू के ग्रामीणों से मिलकर मामले की ली जानकारी



### ग्रामीण एसपी, डीएसपी और सीओ से फोन में बात कर जमीन के मामले की जानकारी दी

**गालूडीह, सूत्रकार**

सांसद विधुत वरण महतो शुक्रवार को पुतरू गांव पहुंचकर पुतरू के ग्रामीणों से मिले। ग्रामीणों ने सांसद को माला पहनाकर स्वागत किया। सांसद को ग्रामीणों ने बताया कि जितेंद्र दुबे नामक व्यक्ति के द्वारा एन एच किनारे फुटबॉल मैदान के बगल में घर बना रहा है जिसमें वह सरकारी जमीन को भी दखल कर घर बना रहा है जो कि गांव का गौचर भूमि है, साथ ही साथ उस भुमि पर गोरू खुटा भी होता है। इसको लेकर कई बार बैठक हुई और काम भी रोका गया था वह भी कहा था कि सरकारी जमीन पर काम नहीं करेंगे लेकिन रात में लाइट लगा कर काम करता था।

सांसद ने ग्रामीणों को बताया कि इस मामले को लेकर ग्रामीण एसपी से बात की है और जमीन संबंधित मामले की जानकारी दी है। उन्होंने डीएसपी से बात की उन्होंने कहा कि जमीन विवाद विगत 7 माह से चल रहा है ।वह दबंगई से काम कर रहा है। इसके साथ ही साथ छात्र, महिलाओं के नाम पर मामला दर्ज किया गया है इसके साथ ही साथ निर्दोष लोगों के उपर मामला दर्ज किया गया है। गलती उधर से ही की गई है। इसके बाद सीओ और थाना प्रभारी से भी बात की ।सीओ से कहा नापी करवाकर सही नापी दी जाए। इधर महिलाओं ने सांसद से बताया कि पुलिस रात को आ रहा है और ग्रामीणों को उठा रहा है । गांव के हाकिम मांझी और प्रफुल्लो महतो को उठा कर जेल भेज दिया। इससे ग्रामीणों में डर कि माहौल है ग्रामीण घर में नहीं सो रहे हैं। सांसद ने अश्वासन दिया कि चिंता मत कीजिए सब ठीक हो जाएगा।

## बांसजोडा कोलियरी कार्यालय में लगा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर



**लोयाबाद, सूत्रकार**

बांसजोडा कोलियरी कार्यालय मे शुक्रवार को स्वास्थ जागरूकता शिविर आयोजित कर कार्यालय के कुल 60 कर्मचारियों व मजदूरो की स्वास्थ की जांच की गई। जांच में शुगर, बीपी के 12 मरीज पाये गये।

सभी को दवाई भी दिया गया ।शिवर में शामिल अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा अनुज कुमार ने मौजूद कर्मियो को हेल्दी रहने के टिप्स बताएं। उन्होंने ने वजन सहित ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने के बारे में जानकारी दी। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, धूम्रपान एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के सेवन से बचने के बारे में बताया। मौके पर प्रबंधक सुनील कुमार दास, कार्मिक प्रबंधक निलेश जोशी, सर्वेयर एस के मित्रा, विजय यादव, चांद खान, रामराज राजभर, निरंजन पासवान, सत्यनारायण यादव, रोविन्स कुमार, कमलेश प्रजापति, संजय पांडेय, तारिक हुसैन आबिद, मनोज पांडेय, राकेश सिंह, दुखा बाउरी, शांति देवी, सरिता देवी आदि दर्जनो कर्मी मौजूद थे।

## अवैध पानी कनेक्शन लेने वाले तीन पर निगम ने की कार्रवाई



### कागजात के साथ बुलाया कार्यालय

**लोयाबाद, सूत्रकार**

एकड़ा झारखंड मोड़ में अवैध पानी कनेक्शन करने वाले तीन लोगों के खिलाफ निगम द्वारा कार्रवाई की गई। निगम की टीम शुक्रवार दोपहर में सूचना के आधार पर पहुंची और कनेक्शन जोड़ने की तैयारी कर रहे छोटू खान, नईम खान, मो आफताब खान तीनो को कनेक्शन दस्तावेज दिखाने को कहा,तीनो के तरफ से सिर्फ कनेक्शन शुल्क की रसीद प्रस्तुत की गई। निगम की टीम ने कहा इसमे कनेक्शन ऑडर कॉपी नहीं है। टीम द्वारा तीनों को अवैध बताते हुए,खोदे गए गढ्ढे को भराई करा दी गई। निगम जेई समीर कुमार इस कार्रवाई की अगुवाई कर रहे थे।

**'एकड़ा झारखंड मोड़ मे तीन व्यक्ति जल कनेक्शन ले रहे थे ।सूचना मिलने पर पहुंचे ।काम बंद करवा दिया गया है ।तीनो को निगम कार्यालय कागजात लेकर बुलाया गया है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।'**

**समीर सुमन**
**जेई,नगर निगम।**

**मंत्री दीपक बिरुआ ने दिया निर्देश**

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लंबित आवेदनों का निर्धारित समय पर करें निबटारा

**रांची, सूत्रकार**

मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं करें। लंबित आवेदनों का निबटारा निर्धारित समय पर करें, ताकि युवाओं के रोजगार का मार्ग प्रशस्त हो सके। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि साइकिल वितरण का कार्य निर्धारित समय पर पूरा करें। इसके साथ ही छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति मिले। शुक्रवार को वे रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को निर्देश दे रहे थे।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की लगातार निगरानी हो

झारखंड के मंत्री दीपक बिरुआ ने रांची में कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के निगम स्तर लंबित आवेदनों का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर करें। इसके साथ ही जिला स्तर पर आवेदनों की अनुशंसा की गति तेज करें। इसमें आ रही सभी बाधाओं को दूर कर युवाओं के स्वरोजगार के मार्ग को प्रशस्त करें। उन्होंने कहा इसकी लगातार निगरानी होनी चाहिए, ताकि स्वरोजगार की तरफ बढ़ रहे युवाओं को लाभ दिया जा सके।



### समय पर दें साइकिल व छात्रवृत्ति

मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना का लाभ दें। तय समय पर बच्चों को साइकिल मिलनी चाहिए। वर्ष 2023-24 में जो साइकिल वितरण किया जाना है, वह तय समय के अन्दर हो। उन्होंने कहा कि बच्चों को छात्रवृत्ति समय से उपलब्ध कराने में कोई कोताही नहीं करें। इस दौरान आ रही अड़चनों को दूर कर छात्र हित में कार्य करें।

### जिला स्तर पर होगा वाद्य यंत्रों का वितरण

मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि धुमकुड़िया केंद्रों में जिला स्तर पर जिन वाद्य यंत्रों का वितरण किया जाना है, उसकी स्थिति क्या है? इस पर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने बताया कि वितरण जिला स्तर पर होगा। वाद्य यंत्रों को खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मंत्री ने उन्हें जल्द से जल्द से प्रक्रियाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

न्यूज फ्लैश

## सीसीएल के गांधी नगर स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में हुआ रक्तदान शिविर



रांची, सूत्रकार

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सीसीएल के गांधी नगर स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन गांधीनगर सीएमएस प्रभारी डॉ। सुशील कुमार ने किया। इस शिविर में 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में पुरुष-महिलाएं सहित कुल 37 लोगों ने अपना रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना एवं जन-जन में रक्तदान के लिए जागरूकता बढ़ाना था। इस विशेष अवसर पर सीएमओ एडमिन डॉ। आर के। सिंह, डॉ अनिता कुमारी, डॉ खुशबू सरन, डॉ श्रीमयी मुखर्जी, डॉ मोहना मंडल मौजूद रहे। शिविर के सफल आयोजन में गांधीनगर अस्पताल के चिकित्सकों, तकनीशियनों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर कूदने से चार यात्रियों की मौत

लातेहार, सूत्रकार

लातेहार में रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर कई यात्री कूद गये। जिस कारण वे एक मालगाड़ी की चपेट में आ गये। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गयी है। स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस रुकी हुई है। इधर, हादसे की सूचना मिलने के बाद एबुलेंस भी घटना स्थल पर पहुंच चुकी है।

## आपराधिक गिरोह को गोली सप्लाई करने के आरोपी सत्यम को हाईकोर्ट से मिली बेल

रांची, सूत्रकार

झारखंड के अलग-अलग आपराधिक गैंग को गोली सप्लाई करने के आरोपी सत्यम कुमार को हाईकोर्ट से बेल मिल गई है। एटीएस ने सत्यम को पिछले वर्ष 31 दिसंबर को रांची रेलवे स्टेशन के पास से 20 गोलियों को साथ गिरफ्तार किया था। सत्यम की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई। उसकी ओर से अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद ने बहस की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सुनील दुबे ने बहस की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने सत्यम को 20-20 हजार रुपए के दो निजी मुचलकों पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। सत्यम बिहार के सहरसा जिले का रहने वाला है। एटीएस ने सत्यम के खिलाफ कांड संख्या 11/2023 दर्ज की थी।

## प्रथम रैंकिंग झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता शुरू

रांची, सूत्रकार

हजारीबाग में आयोजित प्रथम रैंकिंग झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-17, अंडर-19 व अंडर 15 बालक एवं बालिका और पुरुष वर्ग के राउंड ऑफ 64 और राउंड ऑफ 32 के मैच खेले गए। अंडर-17 बालक वर्ग के खेले गए मैच में गिरिडीह के समर्थ गुप्ता ने रांची के अमन मिंज को कड़े मुकाबले में 3-2 (12-14, 7-11,14-12,11-8,11-8) से हराया। अंडर-19 बालिका वर्ग में गढ़वा की अंजली कुमारी ने पूर्वी सिंहभूम की अंशिका महाजन को 3-2(5-11, 10-12,11-6,11-9,13-11) से पराजित किया। वहीं हजारीबाग के अर्नव अग्रवाल ने गढ़वा के हर्षित कुमार पांडेय को 3-2( 11-9, 8-11, 11-6, 9-11, 11-9) से हराया। अंडर-17 बालक वर्ग में पूर्वी सिंहभूम के अरूणा साहा ने रांची के आयुष बनर्जी को 3-0( 11-6, 11-6, 11-9) से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका संदीप साहा ने जबकि सहायक रेफरी की भूमिका किरण बिहारी शुक्ला निभाई। उत्तरी छोटा नागपुर के डीआईजी सुनील भास्कर, विशिष्ट अतिथि श्रद्धानंद सिंह व हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के मुख्य संरक्षक जयकुमार सिन्हा, सचिव समरजीत सिंह, हजारीबाग टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, सचिव मुरारी सिन्हा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

## जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झारखंड ने जीते आठ स्वर्ण



रांची, सूत्रकार

जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड के सात खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीता। सिलीगुड़ी में 10 से 14 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिनमें सात खिलाड़ियों ने स्वर्ण, तीन खिलाड़ियों ने रजत व चार खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रौशन किया। स्वर्ण जीतने वालों में धनबाद के राजदीप कौर, रामगढ़ के कृष सिन्हा, हर्षदीप कुमार, सचिन कुमार, सक्षम कुमार, अपुरबो मुखर्जी और हजारीबाग की सुमन कुमारी शामिल हैं। हजारीबाग के मनीष राज, पूर्वी सिंभूम के श्लोक कुमार व रामगढ़ के तुषार कुमार ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। वहीं कांस्य पदक जीतने वालों में रामगढ़ के सौरभ सिंह, आर्यन कुमार, श्रेया श्री व धनबाद के मनदीप कौर शामिल हैं। पदक जीतने पर झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बीसी ठाकुर व सचिव ओवैस अरफात ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## मेकॉन ने विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन

रांची, सूत्रकार

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मेकॉन लिमिटेड और मेकॉन के इस्पात क्लब ने झारखंड थैलेसीमिया फाउंडेशन के साथ मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शुक्रवार को इस्पात क्लब श्यामली कॉलोनी में सुबह 10 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों और रक्तदाताओं की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली। रक्तदान शिविर में कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। सुरक्षा प्रोटोकॉल और दिशानिदेर्शों का सख्ती से पालन करते हुए, रक्तदाताओं ने करुणा और एकजुटता की भावना को दशार्या व उत्साहपूर्वक अपना रक्त देने के लिए आगे आए। मेकॉन ने एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत किया। विश्व रक्तदाता दिवस, जो हर साल 14 जून को मनाया जाता है, आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों की महत्वपूर्ण आवश्यकता की मार्मिक याद दिलाता है। रक्तदान की जीवन-रक्षक क्षमता को पहचानते हुए, मेकॉन ने इस नेक काम में योगदान देने के लिए रक्तदाताओं की सुविधा के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए अपने संसाधनों को जुटाया।

# दो मानव तस्कर गिरफ्तार, एक नाबालिग का किया गया रेस्क्यू



रांची, सूत्रकार

मानव तस्करों के मंसूबों को नाकाम करने के लिए रांची रेलवे स्टेशन पर मेरी सहेली और रेल पुलिस की टीम लगातार मुस्तैदी दिखा रही है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को रेल पुलिस ने मानव तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर एक नाबालिग लड़की को बेहतर नौकरी का लालच देकर लातेहार से चेन्नई ले जा रहे थे।आरपीएफ इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने बताया कि मेरी सहेली टीम को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति नाबालिग लड़की के साथ स्टेशन पर घूमते देखे गए हैं। बातचीत के दौरान दोनों नाबालिग को बेहतर नौकरी दिलाने की बात कर रहे थे। सटीक सूचना पर इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने आरपीएफ की मेरी सहेली टीम के साथ स्टेशन पर दोनों तस्करों की तलाश शुरू की और उन्हें धर दबोचा। नाबालिग को मुक्त कराने के बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में प्रेमाश्रय भेज दिया गया है। गिरफ्तार दोनों तस्करों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने बताया कि बेहद गरीब परिवार की नाबालिग लड़की को बेहतर नौकरी का लालच देकर लातेहार से रांची लाया गया था, जहां से उसे ट्रेन से चेन्नई ले जाया जाना था, लेकिन उससे पहले ही दोनों तस्करों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार तस्करों में लातेहार निवासी छोटू उरांव और रबलू उरांव शामिल हैं। अक्सर मानव तस्कर रांची के हटिया और रांची रेलवे स्टेशन से नाबालिग लड़के-लड़कियों को बहला-फुसलाकर बड़े शहरों में ले जाते हैं, जहां उन्हें बेच दिया जाता है। मानव तस्करी पर लगाम लगाने के लिए दोनों स्टेशनों पर मेरी सहेली टीम की तैनाती की गई है, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है।

### जेवर लूट मामला : घटनास्थल पर पहुंचे मंत्री बन्ना गुप्ता

## अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश

रांची, सूत्रकार

राजधानी के पंडरा इलाके में गुरुवार को दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में 60 लाख की लूट की घटना ने ज्वेलरी कारोबारियों को सकते में डाल दिया है, पुलिस मामले में कार्रवाई करने में जुटी है। इस बीच झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पीड़ित ज्वेलरी कारोबारी से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। गुरुवार की दोपहर तीन अपराधियों ने पंचवटी ज्वेलर्स में लूट की वारदात को अंजाम दिया। लूट की घटना के दूसरे दिन झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ज्वेलर्स का हालचाल जानने घटनास्थल पर पहुंचे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए रांची पुलिस के सभी वरीय अधिकारी लगातार प्रयास कर रहे हैं। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि अन्य अपराधियों में कानून का डर पैदा हो। मुख्यमंत्री ने राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर कई सख्त निर्देश भी जारी किए हैं, जिनका अनुपालन किया जा रहा है। रांची के पंडरा स्थित पंचवटी ज्वेलर्स में गुरुवार की दोपहर तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े 60 लाख रुपये के जेवरात लूट लिए। लूट के बाद तीनों बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। मामले को लेकर ज्वेलर दीपक साहू ने पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है। ज्वेलर दीपक साहू ने बताया कि गुरुवार की दोपहर उनकी मां और एक कर्मचारी ज्वेलरी शॉप में बैठे थे, तभी तीन युवक पहुंचे और उनकी मां से सोने का कंगन दिखाने को कहा। एक-दो कंगन देखने के बाद अपराधियों ने अचानक हथियार निकाल लिया और बुजुर्ग महिला को अपने कब्जे में ले लिया और महज 8 मिनट में 60 लाख रुपये के जेवरात लूटकर फरार हो गए। लूट की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उसके आधार पर पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा आयोग

## वोटर की शिकायत दूर करने के लिए चलेगा अभियान

रांची, सूत्रकार

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के द्वारा मिली शिकायत के बाद चुनाव आयोग मतदाता सूची को दुरुस्त करने में जुट गया है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा मिले शिकायतों के निराकरण करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने सभी जिलों के निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाता सूची में गलत डिलिशन की मिली शिकायत पर नियमानुसार सत्यापन कर इसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक के दौरान वोटर इनफॉरमेशन स्लिप के आवंटन के क्रम में बनाए गए मतदाता सूची से मिलान करते हुए मतदाता सूची से शिफ्टेड डुप्लीकेट एवं मतदाताओं का नियमानुसार विलोपन करने का आदेश दिया गया, साथ ही अभी भी जिस मतदाता के पास पुराना लैमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र है उसे बदलते हुए रंगीन मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराने को कहा गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि किसी भी कारण अब तक जो छुटे मतदाता हैं उन्हें मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जायेगा, साथ ही विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन कार्य से जुड़े मुख्यालय के पदाधिकारी 1 जुलाई से अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण की प्रक्रिया को गति देंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी बीएलओ सुपर वाइजर घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन करेंगे। बीएलओ द्वारा सत्यापित घरों में से 10% घरों का बीएलओ सुपरवाइजर भौतिक सत्यापन करेंगे और मुख्यालय द्वारा दिए गए स्टीकर चिपकाने का काम करेंगे।

### विश्व रक्तदाता दिवस : स्वैच्छिक रक्तदाता होंगे सम्मानित

## झारखंड में हर साल 50 हजार यूनिट ब्लड की कमी



रांची, सूत्रकार

स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए 14 जून दुनिया भर में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस का थीम रखा गया है 'दान का जश्न मनाने के 20 साल रक्तदाताओं का धन्यवाद। विश्व रक्तदाता दिवस पर इस वर्ष दुनिया भर के वैसे रक्तवीरों को सम्मानित किया जाएगा जो रक्तदान कर मानव कल्याण के प्रहरी बने हैं। झारखंड में भी वैसे रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने रक्तदान को महादान समझ कर जरूरतमंदों की जान बचाई। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस का उद्देश्य दुनिया के स्वास्थ्य और मानव कल्याण के लिए रक्तदान करने वालों को पहचानना और उनका सम्मान करना है। युवाओं में रक्तदान को लेकर बढ़ावा देना और उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। राज्य के ब्लड बैंकों पर नजर रखने वाली संस्था झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के अनुसार राज्य में पहली बार पिछले वित्तीय वर्ष में रक्तदान का आंकड़ा 3 ।51 लाख के पार पहुंचा है। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह के अनुसार राज्य में पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) में 3 लाख 51 हजार 530 यूनिट रक्त संग्रह किया गया है। यह वर्ष 2022-23 की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत ज्यादा और वर्ष 2021-22 से लगभग 25 प्रतिशत ज्यादा है। झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के परियोजना निदेशक पवन कुमार ने बताया कि डब्ल्यूएचओ के स्टैंडर्ड के अनुसार किसी राज्य या देश की कुल आबादी को 01% खून की जरूरत पड़ती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार झारखंड की आबादी सवा तीन करोड़ से अधिक है। 2021 में होने वाली जनगणना अभी तक नहीं हुई है लेकिन राष्ट्रीय आयोग द्वारा प्रस्तुत की गई तकनीकी समूह की रिपोर्ट के अनुसार, एक जुलाई 2024 तक झारखंड की जनसंख्या 4 करोड़ 1 लाख 29,000 होने का अनुमान है। ऐसे में राज्य के हर जरूरतमंद को समय पर ब्लड उपलब्ध हो सके, इसके लिए 4 लाख यूनिट ब्लड की जरूरत होगी, जबकि पिछले वर्ष की उपलब्धता 3.5 लाख ही रही है। झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल महीने में 28127 यूनिट ब्लड कलेक्शन हुआ, जो पिछले वर्ष अप्रैल महीने में हुए 28844 यूनिट संग्रह से कम था। इस कमी को दूर करने के लिए मई महीने में 33400 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 5207 यूनिट अधिक है। विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून को राज्य के स्वास्थ्य मुख्यालय में रक्तदाता सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें रक्तदान के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले 55 से अधिक संस्थानों और स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह भी शिरकत करेंगे।

## वित्त रहित शिक्षाकर्मियों का चंपाई सरकार को अल्टीमेटम, बिहार की तरह दें राज्यकर्मी का दर्जा नहीं तो होगा सीएम आवास का घेराव



रांची, सूत्रकार

राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग को लेकर आंदोलनरत वित्त रहित शिक्षाकर्मियों ने सरकार से उनकी मांग को गंभीरता से लेने की चेतावनी दी है। राजभवन के समक्ष आंदोलन कर रहे वित्त रहित शिक्षाकर्मियों ने चंपाई सरकार को अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि यदि उनकी मांगें नहीं पूरी की जाती है तो आगामी 20 जून को राज्य के सभी विधायकों का आवास घेरने के बाद मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने कहा कि जिस तरह से हमारी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है वह कहीं से भी उचित नहीं है। जैक द्वारा शिक्षा विभाग के निर्देश पर इंटरमीडिएट कॉलेजों में सीट दिया गया है। झारखंड अधिविद्य परिषद अधिनियम 2002 और संशोधित अधिनियम 2006 में +2 स्तरीय संस्थाओं में नामांकन का सीट निर्धारण का अधिकार जैक को है। इसे विभागीय पत्र से कम नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अनुदान की राशि 80% बढोतरी के विभागीय समिति के अनुशंसा एवं विभागीय प्रस्ताव पर मंत्री के अनुमोदन के बाद संलेख को विधि विभाग, वित्त विभाग एवं मंत्रिपरिषद को भेजी जाए। इसके अलावा लंबित अनुदान के भुगतान में जिला स्तर पर डीईओ द्वारा रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाते हुए रघुनाथ सिंह ने कारवाई की मांग की है। जैक द्वारा इंटरमीडिएट कॉलेजों में नामांकन में सीट कम करने के निर्णय को वापस लिया जाए। एसपीटी एक्ट एवं सीएनटी एक्ट में संशोधन के संलेख जो विधि विभाग से सहमति के बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में लंबित है उसे अविलंब कैबिनेट में भेजा जाए। वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 में जिन संस्थाओं का अनुदान का मामला लंबित है उसे अविलंब दिया जाए। खूंटी जिला एवं पश्चिम सिंहभूम के अनुदान का मामला लैप्स कर गई है उसे अविलंब दिया जाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुदान की बकाया राशि 27% शीघ्र भेजी जाए। बिहार की तरह झारखंड में भी अनुदानित शिक्षक कर्मचारियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। अनुदान राशि में 80% की वृद्धि के विभागीय प्रस्ताव को विधि विभाग, वित्त विभाग एवं मंत्रिपरिषद को भेजी जाए। झारखंड में 15000 से अधिक कर्मी वित्त रहित शिक्षण से जुड़े हैं। इसमें 178 प्रस्वीकृत इंटर कॉलेज, 106 प्रस्वीकृत एवं 207 राज्य सरकार से स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय, 33 संस्कृत विद्यालय एवं 46 मदरसा विद्यालय है, जिसमें करीब लाखों बच्चे पढ़ाई करते हैं।

## टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बिगड़े बोल, झारखंडियों का किया अपमान, बाबूलाल मरांडी ने दिया जवाब



रांची, सूत्रकार

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलटवार किया है। महुआ मोइत्रा ने एक यूट्यूबर को दिए इंटरव्यू के दौरान झारखंड और झारखंडियों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की है। जिसके बाद बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट कर उन्हें करारा जवाब दिया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महुआ मोइत्रा की घिनौनी भाषा किसी और की तुलना में उनके चरित्र को अधिक दर्शाती है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सांसद निशिकांत दुबे ने आपको और आपके पैसे और उपहारों के लालच को उजागर किया है, जिसके लिए आप देश की संवेदनशील जानकारी बेचने को भी तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे समझ में नहीं आता कि आप इतने जघन्य अपराध के लिए जेल में क्यों नहीं हैं।

## रांची का बड़ा तालाब पूरी तरह प्रदूषित, पानी से उठ रही दुर्गंध से बीमारी फैलने का खतरा



रांची, सूत्रकार

इन दिनों रांची के बड़ा तालाब की स्थिति बेहद खराब हो गई है। बड़ा तालाब के पानी से उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों का जीना मुहाल हो गया है। हालत यह है कि तालाब के पास से गुजरने में भी लोगों को सोचना पड़ता है। पानी से इतना खराब दुर्गंध आता है कि कई बार लोग गश्त खाकर गिर जाते हैं। वहीं बड़ा तालाब की स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोग सत्याग्रह पर उतर गए हैं। पिछले कई दिनों से पानी से आ रही दुर्गंध की वजह से लोगों ने निर्णय लिया कि यदि अब जिला प्रशासन और नगर निगम कोई संज्ञान नहीं लेता है तो आम लोग सत्याग्रह कर जिला प्रशासन को नींद से जगाने का काम करेंगे।बड़ा तालाब के आसपास व्यापार करने वाले लोग बताते हैं कि 24 घंटे पानी से दुर्गंध आने की वजह से अब ग्राहक उनकी दुकानों तक नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में झील बचाओ अभियान समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा बताते हैं कि नगर निगम के अधिकारियों से स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की है, लेकिन नगर निगम के लोग तालाब सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर चले जाते हैं। जबकि पूरे तालाब के अंदर जमे गाद को साफ करने की जरूरत है। राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि हाईकोर्ट ने भी यह आदेश दिया था कि तालाब की बेहतर ढंग से सफाई करें और इसकी मॉनिटरिंग करें, लेकिन नगर निगम कोर्ट के आदेश को भी नजरअंदाज करता दिख रहा है। वहीं बड़ा तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि जिस तरह से स्थानीय लोगों की लगातार शिकायतें आ रही थी उसे देखते हुए तालाब की सफाई के लिए हार्वेस्टर मशीन लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि बड़ा तालाब में कई ड्रेनेज बनाए गए हैं और उसका गंदा पानी बड़ा तालाब में पहुंचता है। नाले से निकलने वाले पानी को साफ करने के लिए एसटीपी प्लांट भी लगाया गया है। एसटीपी प्लांट का भी निरीक्षण किया गया है। एसटीपी प्लांट से जो पानी निकल रहा हा उसकी गुणवत्ता कैसी है इसकी भी निगरानी की जा रही है। नगर आयुक्त ने बताया कि पानी से आ रही दुर्गंध को खत्म करने के लिए लगातार ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है और तालाब में जहां भी गाद जमा है उसे भी नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा हटाया जा रहा है। इस दौरान नगर आयुक्त ने आसपास रहने वाले आम लोगों से भी तालाब की सफाई का ध्यान रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कई बार देखा जाता है कि मरे हुए जानवरों के अवशेष के साथ-साथ कई सॉलिड कचरा और डस्ट को भी बड़ा तालाब में फेंका जाता है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने का निर्देश नगर निगम ने जारी किया है। वही बड़ा तालाब में बनाई गई स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के पास तैनात सुरक्षा कर्मचारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि तालाब में कोई भी व्यक्ति यदि गंदा सामान फेंकता है तो उसकी सूचना तुरंत ही स्थानीय पुलिस या फिर निगम को दें। ऐसे लोगों से जुमार्ना वसूला जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बड़ा तालाब के आसपास लगभग साढ़े तीन लाख की आबादी रहती है। ऐसे में तालाब के पानी से उठ रहे दुर्गंध के कारण लोगों को बीमारी फैलने का डर सता रहा है। हालांकि तालाब को साफ करने के लिए नगर निगम के तरफ से प्रयास किए जा रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि नगर निगम का प्रयास कितना सफल हो पाता है और बड़ा तालाब के आसपास रह रहे लोगों को कब तक दुर्गंध से राहत मिल पाती है।

# डॉक्टर के बेटे का हुआ अपहरण, रात भर चले ऑपरेशन में अपहृत सकुशल बरामद

**गिरिडीह, सूत्रकार**

दुकान बंद कर अपने घर जा रहे एक युवक का अपहरण कर लिया गया। अपहरण की यह घटना बिहार से सटे गिरिडीह जिले के देवरी थाना इलाके के चतरो बाजार से की गई। फिरौती के लिए हुए इस अपहरण की जानकारी मिलते ही गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा की टीम ने त्वरित कार्रवाई की है। गिरिडीह एसपी के निर्देश पर गठित छह पुलिस अधिकारियों की टीम ने ऐसी घेराबंदी की अपहत, अपहत के वाहन के साथ साथ जिस वाहन से अपहरण की वारदात की गई थी, उसे छोड़कर अपराधियों को भगाना पड़ा और अंततः पुलिस ने युवक को सकुशल बरामद कर लिया। जिस युवक की बरामदगी की गई है उसका नाम पंकज दास है जो चतरो का रहनेवाला है। दरअसल गुरुवार की रात गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा को चतरो से फोन आया। फोन करनेवाले ने खुद का नाम लक्ष्मण दास बताया। एसपी को यह बताया कि वह ग्रामीण चिकित्सक है और उसका दुकान चतरो बाजार में है। रात लगभग 9 बजे उसका पुत्र पंकज दास दुकान बंद कर बाइक से घर आ रहा था। इसी बीच उसके पुत्र का बाइक समेत अपहरण कर लिया गया है और फिरौती की मांग की जा रही है।




मामले को एसपी ने गंभीरता से लेते हुए तुरंत ही युवक को सकुशल बरामद करने के लिए आगे की कार्रवाई शुरू की। एक तरफ युवक का डिटेल लेते हुए टेक्निकल टीम को एक्टिव किया गया। वहीं मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक श्याम किशोर महती, जमुआ सर्किल के इंस्पेक्टर प्रमोद सिंह, देवरी थाना प्रभारी सोनू साहू, जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत, धनवार थाना प्रभारी नंदू पाल, हीरोडीह थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की अलग अलग टीम बनायी गई। सभी छह टीम को पुलिस बल के साथ युवक को सकुशल बरामद करने और अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा एसपी ने अपने क्यूआरटी को भी क्षेत्र में भेजा और पूरे मामले की मॉनिटरिंग शुरू की। एसपी की टीम पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई। इसी दौरान अपराधियों के उस सहयोगी को खोज लिया गया जो फिरौती के लिए अपहत के पिता को फोन कर रहा था। इसे हिरासत में लिया गया।

इस बीच पता चला कि अपहरण करने के बाद युवक को मुफ्फसिल थाना इलाके के कुरुमडीहा के जंगल में रखा गया है। ऐसे में डेढ़ सौ जवानों के साथ पुलिस अधिकारियों ने जंगल की घेराबंदी की। अधिकारी और जवान जंगल के अंदर दाखिल हो गए। जंगल के हरेक कोने को खंगाला जाने लगा। इस बीच रात गुजर गई और उजाला हो गया। इसी दौरान देवरी थानेदार सोनू और जमुआ थानेदार की नजर एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध पर पड़ी। दोनों जिस बाइक पर सवार थे वह बाइक अपहत का प्रतीत हुआ। ऐसे में दोनों थानेदार ने बाइक की तरफ मूव किया दोनों संदिग्ध बाइक समेत भगाने लगे। ऐसे में दोनों थानेदार ने भी दौड़ लगा दी। पुलिस के तेवर को देखकर दोनों संदिग्ध बाइक छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने बाइक को जब्त किया तो यह साफ हो गया कि बाइक अपहत पंकज की ही है। दोनों संदिग्ध के भागने के बाद यह साफ हो गया कि दोनों पुलिस की रेकी कर रहे थे। ऐसे में कुरुमडीहा के अलावा पेशम के इलाके की तरफ भी पुलिस पदाधिकारी के साथ लगभग 150 जवानों को भेजा गया। पूरे इलाके को सील करते हुए पूरे जिला में एक साथ वाहनों की जांच शुरू कर दी गई। ऐसे में अपराधियों को लगा कि लोग पकड़े जाएंगे। अब अपराधियों के पास जान बचाकर भागने के अलावा कुछ दूसरा रास्ता नहीं बचा था। ऐसे में अपहत को छोड़कर अपराधी भाग निकले। एसपी के नेतृत्व गिरिडीह पुलिस ने 12 घंटे की कड़ी मेहनत कर न सिर्फ अपहत पंकज को सकुशल बरामद कर लिया, बल्कि जिस वाहन से घटना को अंजाम दिया उसे भी जब्त कर लिया। कहा जाए तो पुलिस की सक्रियता से न सिर्फ अपराधियों की योजना असफल हो गई बल्कि युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि गुरुवार की रात को ग्रामीण चिकित्सक के पुत्र का अपहरण हुआ था। अपहरण फिरौती के लिए किया गया था, लेकिन सूचना मिलते ही गिरिडीह पुलिस की टीम ने तुरंत ही कार्रवाई की और बगैर फिरौती दिए ही युवक को बरामद कर लिया गया। इस घटना को अंजाम देने वाले सभी अपराधियों की पहचान कर ली गई है। सभी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक के पैर में लगी गोली, पुलिस ने शुरू की जांच



**पलामू, सूत्रकार**

जिले के सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह में एक युवक के पैर में संदिग्ध परिस्थिति में गोली लग गई। घायल हर्ष पांडेय गढ़वा के कांडी इलाके का रहने वाला है। युवक को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। घायल हर्ष पांडेय पलामू के सदर थाना क्षेत्र के बड़कागांव में अपनी बहन के घर रहकर पढ़ाई करता था। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि घटना पूरी तरह से संदिग्ध है, युवक को गोली कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।

### कोयल नदी में नहाने के दौरान तीन डूबे, एक बच्चे और पूर्व बीएसएफ जवान की मौत

**चाईबासा, सूत्रकार**

कोयल नदी में एक बच्चे और एक पूर्व बीएसएफ के जवान की डूबने से मौत हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार मनोहरपुर में नदी में बीएसएफ जवान उनका एक बेटा और उसका दोस्त संत ऑगस्टिन कॉलेज के पास कोयल नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्हें डूबता देख पास ही नहा रहे पूर्व बीएसएफ जवान उनके पास गया और बचाने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने अपने बेटे को किसी तरह से बचाया और फिर तुरंत उसके दोस्त को बचाने के लिए नदी में कूदे। लेकिन अपने बेटे के दोस्त को बचाने के क्रम में बीएसएफ जवान भी डूब गए। इधर, शोर सुन कर ग्रामीण भी नदी के किनारे पहुंच गए। स्थानीय ग्रामीणों ने लगभग डेढ़ घंटे के कड़ी मशकत के बाद बीएसएफ जवान और बच्चे को नदी की गहराई से निकाला। आनन फानन में उन्हें गंभीर स्थिति में मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। मृतकों में मनोहरपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर निवासी रिटायर्ड बीएसएफ जवान राजेश रंजन कुजूर और इंदिरा नगर निवासी सुकवन होरो का 11 वर्षीय पुत्र एरोन होरो है। मनोहरपुर पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है। एक साथ दो लोगों की मौत से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

### हजारीबाग की सड़कों पर घूम रहा आवारा पशु, शिकार बन रहे हैं लोग

**हजारीबाग, सूत्रकार**



शहर का ऐसा कोई मोहल्ला या गली नहीं है, जहां आवारा कुत्ते न हो। शहर के सड़कों से लेकर छोटे से छोटे गली मोहल्ले में इनका आतंक चल रहा है। जो हर दिन हर मोहल्ले-गली में किसी न किसी को काटते जरुर हैं। हजारीबार नगर निगम के के पास आवारा कुत्तों का आंकड़ा तक उपलब्ध नहीं है और न ही इस आतंक से कैसे छुटकारा पाया जाए इसे लेकर कोई रणनीति है। पिछले कई सालों से आवारा कुत्तों के आतंक से निपटारा पाने के लिए चर्चा भी की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। शहर के गली मोहल्लों में आवारा कुत्तों का झुंड देखा जा सकता है। कई चौक-चौराहों में कुत्तों का झुंड आक्रमक होता है जो बाइक सवार, पैदल राहगीर या चारपहिया वाहनों के पीछे दौड़ते हैं। इसकी वजह से कई बार दुर्घटना होती है। हजारीबाग में प्रत्येक दिन 40 से 50 डॉग बाइट्स के मामले सामने आ रहे हैं। जनवरी से लेकर अप्रैल तक पूरे जिले में 2650 केस आए हैं। हजारीबाग सिविल सर्जन का भी कहना है कि अगर आवारा कुत्ता काटता है तो अविलंब सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां एंटी रैबीज की वैक्सीन उपलब्ध है। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार बताते हैं कि कुत्ता अगर काट ले तो सबसे पहले उस जगह पर साफ पानी से धो लें। अस्पताल पहुंच जाए, एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध है। वैक्सीन नहीं लेने पर यह जानलेवा भी हो सकता है। लगातार बढ़ रहे कुत्तों के हमले को लेकर लोगों का यह कहना है कि मटन की दुकानें इसका बड़ा कारण है। परिणामस्वरूप डॉग बाइट के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। जल्द ही इनके नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो स्थिति और भी बिगड़ सकती है।

### झारखंड में 2019 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले मजबूत हुआ राजद : संजय यादव

**रांची, सूत्रकार**

झारखंड में विधानसभा चुनाव कुछ ही महीनों में होने वाला है। इसे लेकर सभी पार्टियां बूथ स्तर की तैयारियों में जुट रही है। ऐसे में लालू यादव की पार्टी आरजेडी (राष्ट्रीय जनता दल) भी विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा कर रही है। झारखंड में इसबार अधिक-अधिक से सीटों पर आरजेडी कैसे जीत दर्ज करे, इसपर मंथन हो रहा है। शुक्रवार को रांची के डिबडीह स्थित प्रदेश कार्यालय में आरजेडी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में शामिल हुए आरजेडी नेता संजय प्रसाद यादव ने राजद नेताओं से कहा कि राज्य में पार्टी का कद पहले की तुलना वर्तमान समय में काफी मजबूत हुआ है। आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य के 24 जिलों के सभी विधानसभा में कार्यक्रम करने एवं चुनावी माहौल में जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सामान्य सीट के अलावा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वाले आरक्षित सीटों पर अपनी नजर बनाकर बूथ स्तरीय कार्यक्रम जरूर करें। प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि राजद हमेशा दलित पिछड़ा आदिवासी अल्पसंख्यक और वंचित समाज के हक अधिकारों का आवाज रहा है।

## घर जमाई बनाने से किया इनकार तो बेरहमी से कर दी ससुर की हत्या

**साहिबगंज, सूत्रकार**

झारखंड के साहिबगंज जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत गडरा से बरसाहा जानेवाली सड़क के किनारे मिले शव का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। शव की शिनाख्त गोड्डा जिले के ललमटिया थानांतर्गत भोड़ाय के रहनेवाले मंगल बास्की (पिता चुन्नू बास्की) के रूप में हुई है। मामला हत्या का है। इस संबंध में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हत्यारोपी अनिल टुडू को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं हत्याकांड में सहयोगी नाबालिग दोस्त को निरुद्ध किया गया है। घटना में प्रयुक्त बाइक (जेएच 18 एच 3420), अनिल टुडू की उजले रंग की शर्ट (खून का धब्बा लगा) व घटनास्थल से पत्थर, बांस की लकड़ी ( जिसमें खून का धब्बा लगा था) आदि पुलिस ने बरामद कर लिया है। एसडीपीओ ने बताया कि एसआइटी के सदस्यों ने सबसे पहले उसकी बेटी से पूछताछ की। राज खुलने के बाद मृतक के दामाद अनिल टुडू को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर नाबालिग दोस्त को भी निरुद्ध किया गया। पूछताछ में आरोपी अनिल टुडू ने स्वीकार कर दिया कि उसने ससुर को सिर्फ इसलिए जान से मार दिया कि मंगल बास्की ने उसे घर जमाई बनाने से इनकार कर दिया था। पैसे मांगने पर भी अनिल को पैसे नहीं दे रहा था। इसी बात को लेकर अनिल गुस्सा था। 11 जून को मंगल बास्की मिजाचौकी के कीर्तनिया में बारात आया था। तभी उसकी मुलाकात दामाद से हुई। वहां से खाने-पीने के बाद दामाद आपने नाबालिग दोस्त के साथ ससुर को मोटरसाइकिल पर बिठाकर बसाहा गांव ले जा रहा था। गांव पहुंचने के एक किलोमीटर पहले ही उसने अपने ससुर को मोटरसाइकिल से उतारा फिर बांस से वार करना शुरू कर दिया।

### कंटेनर को बना दिया गया गैस गोदाम

## प्रशासन ने की कार्रवाई, सभी सिलेंडर जब्त

**रामगढ़, सूत्रकार**

जिले में एक कंटेनर को ही गैस गोदाम बना दिया गया। नियमों को ताक पर रखकर कंटेनर से ही लोगों को गैस सप्लाई की जाने लगी। जैसे ही इसकी जानकारी रामगढ़ डीसी को मिली। उन्होंने तुरंत एक्शन लिया। उन्होंने जांच के लिए पुलिस और मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की। जिसमें पाया गया कि नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कंटेनर को ही एलपीजी गैस गोदाम बना दिया गया। प्रशासन ने मौके से कंटेनर, ट्रक, पिकअप और टेंपो से 326 खाली सिलेंडर और कंटेनर में रखे 288 भरे सिलेंडर के साथ सभी चार वाहनों को जब्त कर लिया है।



दरअसल, रामगढ़ आर्मी कैंप की सीमा से 100 मीटर की दूरी पर मेन रोड राजा बंगला नामक स्थान पर बोकारो से गिद्दी जा रहे एलपीजी गैस से भरे 324 सिलेंडर क्षतिग्रस्त कंटेनर में उतारे जा रहे थे, जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार को दी। जब पूरे मामले में प्रशासन सक्रिय हुआ तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। रामगढ़ जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी और कार्यपालक दंडाधिकारी के साथ पुलिस मौके पर पहुंची और भरे और खाली सिलेंडर को जब्त कर लिया। जब पदाधिकारी मौके पर पहुंचे तो सिलेंडर उतार और लोड कर रहे मजदूर भाग गए और वाहनों के चालक भी फरार हो गए। पुलिस और प्रशासन एलपीजी सिलेंडर से भरे वाहनों को थाने ले जाने का प्रयास कर रही है।

खाली और भरे हुए एलपीजी सिलेंडरों को सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया है।मौके पर पहुंची कार्यपालक दंडाधिकारी रीना कुजूर ने बताया कि उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर जब वे राजा बंगला आर्मी कैंप के पास पहुंचीं तो देखा कि मजदूर क्षतिग्रस्त कंटेनर में भरे हुए एलपीजी गैस सिलेंडर लोड कर रहे थे। कागजात मांगने पर वहां मौजूद मजदूरों ने कोई कागजात नहीं दिखाया। इसके कारण कंटेनर के अंदर और आसपास अवैध रूप से रखे गए गैस सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया है, जिसमें 326 खाली गैस टैंक और 288 भरे हुए एलपीजी गैस सिलेंडर के साथ चार वाहन जब्त किए गए हैं। कार्रवाई पूरी होने के बाद एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### नेता प्रतिपक्ष की अध्यक्षता में बिजली संकट को लेकर हाई प्रोफाइल बैठक

## अगले तीन दिनों तक 15 से 16 घंटे बिजली आपूर्ति की जाएगी



**बोकारो, सूत्रकार**

इस भीषण गर्मी में बोकारो और चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में गंभीर बिजली संकट की समस्या गहरा गई है। इस समस्या को लेकर बोकारो सर्किट हाउस में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की अध्यक्षता में हाई प्रोफाइल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो, बोकारो भाजपा विधायक बिरंचि नारायण, डीसी बोकारो, डीवीसी बोकारो स्टील और झारखंड ऊर्जा वितरण निगम के अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान बिजली समस्या को लेकर गंभीरतापूर्वक विचार विमर्श किया गया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले तीन दिनों तक 15 से 16 घंटे बिजली आपूर्ति की जाएगी। वहीं, 3 दिन के बाद लगभग 24 घंटे की बिजली आपूर्ति क्षेत्र की जनता के लिए किया जाएगा। बैठक में अधिकारियों ने पोल, तार, इंसुलेटर, ट्रांसफार्मर समेत अन्य सामानों की खरीदारी नहीं होने की भी शिकायत की। इस बैठक के दौरान सरकार को अनुरोध भेजने की भी बात कही गई। मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार कहती है कि हमारे पास सर प्लस बिजली है। ऐसे में अगर लोगों को बिजली नहीं मिल रही है, तो उनका बयान पूरी तरह से हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से राज्य सरकार की फेलियर है, क्योंकि सामानों की भारी कमी विभाग में है और सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है, जो आश्वासन मिला है हमें विश्वास है कि अधिकारी जल्द इस पर खरा उतरेंगे। धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि बिजली को लेकर कोई सर्वे आज तक नहीं हुआ है। 20 साल पूर्व जो सर्वे हुआ था, उसी के मुताबिक बिजली आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में पूरे धनबाद लोकसभा क्षेत्र में और सर्वे होना चाहिए ताकि पूरी स्थिति साफ हो सके।

## सात बाल मजदूरों को कराया गया मुक्त



**पलामू, सूत्रकार**

जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। बाल श्रम के खिलाफ गठित विशेष टीम ने छापेमारी कर सात बाल मजदूरों को मुक्त कराया है। मुक्त कराये गये बाल मजदूर चतरा के कुंदा, पलामू के पांकी और मनातू के रहने वाले हैं। दरअसल, पलामू क्षेत्र में एक माह से बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में गुरुवार को जिला श्रम पदाधिकारी एतवारी महतो, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार, सीडब्ल्यूसी सदस्य धीरेंद्र किशोर के नेतृत्व में पांकी क्षेत्र में छापेमारी की गयी। पांकी के विभिन्न क्षेत्रों में छह होटलों और ढाबों में यह छापेमारी की गयी। इस दौरान सात बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। बाल मजदूरों ने बताया कि उन्हें महीने में तीन से चार हजार रुपये मजदूरी मिलती है। सीडब्ल्यूसी की पहल पर मुक्त कराये गये सभी बाल मजदूरों को बाल गृह में रखा गया है। बच्चों के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गयी है। सीडब्ल्यूसी सभी के परिजनों की काउंसलिंग कर बच्चों को उनके हवाले करेगी। जिला श्रम पदाधिकारी एतवारी महतो ने बताया कि मुक्त कराये गये सभी बच्चों का सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन किया जायेगा। गांव में बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है। मामले में प्रशासनिक पहल भी की जाएगी। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि पूरे महीने बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। छापेमारी में अग्रघाटी के निक्कू पाठक, सीएचएल सुधांशु शुक्ला समेत कई लोग शामिल थे।

### 30 लाख से लेकर 01 करोड़ तक में बेची गई मेडिकल की सीटें

## नीट पेपर लीक के तार गुजरात और राजस्थान से जुड़े : झामुमो

**रांची, सूत्रकार**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने आज केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर ठएएळ गड़बड़ी मामले की जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 04 जून को लोकसभा आम चुनाव के नतीजे निकले और उसी दिन मेडिकल कॉलेजों में नामांकन के लिए होने वाली राष्ट्रीय परीक्षा नीट का भी रिजल्ट निकला। झामुमो नेता और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि देश के 23 लाख बच्चों के भविष्य के साथ केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने खिलवाड़ किया है और यह देश का यह सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है। ठएएळ क्रैक करने के लिए दिन रात एक करने




वाले राज्य और देश के मेधावी बच्चों के प्रति झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य पूरी सहानुभूति जताई। उन्होंने कहा कि 04 जून को दो बड़े घोटाले या भ्रष्टाचार हुए हैं, जिसमें पहला था उस दिन एग्जिट पोल का गलत नतीजा दिखाकर सेंसेक्स को बढ़ाना और दूसरा था नीट का नतीजा। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य और देश के मेधावी छात्र-छात्राओं का सपना टूटा है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ठएएळ पेपर लीक प्रकरण मे कई लोगों को गिरफ्तार किया था, जिसमें से कई के तार गुजरात और राजस्थान से जुड़े थे। झामुमो ने आरोप लगाया कि 30 लाख से लेकर 01 करोड़ तक में मेडिकल की सीटें बेचीं गईं। झामुमो नेता ने कहा कि फिर से एग्जाम लेना परीक्षार्थियों के साथ मजाक करना है, जो बच्चे सुप्रीम कोर्ट गए सिर्फ उनका विथड्रा किया गया बाकी का क्या हुआ, यह बड़ा सवाल है कि भविष्य में अच्छे डॉक्टर्स कैसे बनेंगे। झामुमो नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में 41 बार पेपर लीक हुआ है। झामुमो नेता ने कहा कि नीट मामले में न सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है बल्कि बड़ी धनराशि का लेनदेन भी हुआ है, इसलिए पूरे मामले की सीबीआई जांच के साथ साथ ईडी जांच भी कराई जाए।

### बदमाशों ने युवक को मारी गोली

**मेदिनीनगर, सूत्रकार**

पलामू जिले के मेदिनीनगर के सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह बाईपास के पास गुरुवार रात में संदिग्ध परिस्थिति में गढ़वा के कांडी थाना क्षेत्र निवासी 18 वर्षीय हर्ष पांडेय को जांघ में एक गोली लगी है। घायल युवक को गंभीर स्थिति में एमएमसीएच मे भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया है। वर्तमान में युवक का शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। युवक के पैर से गोली निकाल दी गई है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है। हर्ष पांडेय वर्तमान में बड़कागांव में अपने रिश्तेदार के घर रहकर पढ़ाई करता है। पुलिस के दिये अपने बयान में हर्ष पांडेय ने बताया कि गुरुवार रात में वह रिश्तेदार के घर जा रहा था। उसी क्रम में बाइक सवार अपर एवं डीपर लाइट मारने लगा।

## पेयजल समस्या झेल रहे ग्रामीणों ने संवेदक को रस्सी से बांधा

**गिरिडीह, सूत्रकार**

पिछले तीन माह से पानी की समस्या झेल रहे ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। गुरुवार को जब गांव में पीएचईडी का संवेदक गांव पहुंचा तो आक्रोशित ग्रामीणों ने उसे रस्सी से बांध दिया। एक घंटे से अधिक समय तक संवेदक को बांध कर रखा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार मंडल पहुंचे। ग्रामीणों से बात की, समस्या का निदान करने का भरोसा दिया तब जाकर मामला शांत हुआ। यह घटना मुफ्फसिल थाना इलाके के चुंजका की है। स्थानीय ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत चुंजका में आधा दर्जन जलमीनार बने हुए हैं



लेकिन पानी कहीं से नहीं मिलता है। इसकी शिकायत पिछले तीन माह से संवेदक दिलीप दूबे से की गई, लेकिन संवेदक ने ध्यान नहीं दिया। शुक्रवार को जब संवेदक गांव पहुंचा तो लोगों ने उसे रस्सी से बांध दिया। ग्रामीण सुरेन्द्र दास ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत जहां-तहां बोरिंग कर संवेदक द्वारा स्ट्रक्चर खड़ा कर दिया गया, टंकी बैठा दिया गया और पाइप भी बिछा दी गई लेकिन आज तक एक बूंद पानी नहीं की आपूर्ति नहीं की गई। कहा कि लोग गुस्से में हैं। वहीं मौके पर पहुंचे कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार मंडल ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। इस समस्या का समाधान हर हाल में होगा।

संपादकीय

## जम्मू में आतंकी हमले

कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में अचानक बढ़े आतंकी हमलों को मोदी सरकार के शपथ-ग्रहण से जोड़ना बेमानी है, लेकिन रियासी इलाके में तीर्थयात्रियों पर हमला किया गया, जिसमें 9 लोग मारे गए और कई घायल हुए। उसके बाद कठुआ और डोडा में आतंकी हमले किए गए। बेशक कठुआ वाले आतंकी ढेर कर दिए गए, लेकिन सीआरपीएफ का एक जवान भी शहीद हुआ। डोडा में मंगलवार, 11 जून की रात्रि में असम राइफल्स और स्पेशल पुलिस ऑफिसर की साझा चौकी पर भी हमला किया गया, जिसमें 6 जवान घायल हो गए। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक, पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं, लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है, जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं। अब भी 3-4 आतंकी डोडा के पास, एक समूह में, घूम रहे हैं। उन्हें जल्द ही ढेर कर दिया जाएगा। अचानक आतंकी हमले बढ़ने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाकपरस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं?

क्या पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक, प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया, क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन और कारोबार बढ़ने से भी पाकपरस्त आतंकवादी नाराज हैं, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं, जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए, लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी शहीद हुए हैं। शहादत का यह सिलसिला अभी जारी रहेगा, क्योंकि आतंकी गतिविधियों की जानकारी देने वाला मजबूत खुफिया नेटवर्क अभी तैयार किया जा रहा है। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को स्थानीय मदद है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई स्थानीय आतंकवादी नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं। कठुआ का उदाहरण है कि आतंकियों को स्थानीय लोगों ने पीने को पानी तक नहीं दिया और पुलिस को सूचना दे दी। नतीजतन आतंकी पकड़े और ढेर कर दिए गए। दरअसल अब आतंकी हमले उन इलाकों में हुए हैं, जहां कुछ साल पहले तक मान लिया गया था कि आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है। यहां बीते 15-20 सालों के दौरान कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं किया गया था, लेकिन बीते कुछ अंतराल में आतंकवादी दिखने लगे थे। वे ही हमले कर रहे हैं। बेशक 2019 में जम्मू-कश्मीर को लेकर संविधान में सुधार किए गए थे, उनसे स्थिति बेहतर हुई, आतंकवाद से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों पर लगाम लगाई गई, लेकिन समस्याएं आज भी मौजूद हैं।

कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता। जम्मू और कश्मीर के खूबसूरत इलाके 24 घंटे खुले हैं। पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं, तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। यह जनता को तय करना होगा। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।

## हर जगह मुठभेड़

सियासत की पहलवानी ने कई तंबू उखाड़ दिए, लेकिन आसमान को फिर भी तसल्ली नहीं। युद्ध के माहौल में हो रही राजनीति का असर यह कि जनता को भरोसा नहीं कि वह चुन किसे रही। सोलन नगर निगम के ढाई साल के बाद मेयर के चुनाव ने कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार को शिकस्त देकर जो खेल किया, उसके जख्म अब हरे हो गए। नगर निगम के मेयर व पूर्व मेयर की हस्ती अब सरकार की कार्रवाई ने छीन ली, नतीजतन उपचुनाव का खाका कई बड़े सवालों को खाक नहीं कर पाएगा। अस्थिरता के दामन में मतदाता की आशाएं और कसूरवार होते विकास के नैन नक्श। हर मुठभेड़ में लुट रहा है सिंहासन, चलो फिर से कोई नया फामूर्ला बनाएं। जाहिर है नगर निगम सोलन की पताका बदलेगी और कुछ इसी तरह की सुगबुगाहट धर्मशाला नगर निगम के मोहल्ले में है। ऐसे में प्रश्न यह कि स्थानीय निकायों में भी अगर अस्थिरता के बीज बोने के लिए राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा ही जिम्मेदार है, तो जनता की अभिलाषा बचेगी कहां। आश्चर्य यह कि जिस जरूरत का नाम नगर निगम है, उसकी जरूरत में राजनीति की जरूरतें पूरी हो रही हैं और यह खेल तब तक जारी रहेगा जब तक मेयर पद के लिए प्रत्यक्ष चुनाव नहीं होते। अप्रत्यक्ष कंधों पर चढ़ रहे मेयर यूं ही चढ़ते और उतरते रहेंगे। सियासत ने जिस घड़ी में कांग्रेस को गच्चा देकर मेयर चुना, कमोबेश वही परिस्थितियां अब नए हालात में नियंत्रण करेंगी। ये नजारे शर्मनाक हैं और धीरे-धीरे हिमाचल को घोर अस्थिरता के जंगल में धकेल रहे हैं।

कब हम सोलन शहर के भविष्य के लिए नगर निगम के पार्षद और पार्षदों के पार्षद यानी मेयर को इस नीयत से चुन पाएंगे कि पूरा नागरिक समाज आगे बढ़ पाए। कहना न होगा कि हिमाचल के पांचों नगर निगम केवल रस्म अदायगी की तरह राजनीति का सामान तो बन गए, मगर हिमाचल के शहरीकरण संबोधित नहीं हुआ। वित्तीय संसाधनों के अभाव में सारे नगर निगम केवल कागजी शेर हैं, जबकि शहर को बसाने की परिकल्पना के लिए मेयर और पार्षदों का निर्वाचन सौ फीसदी तौर पर पारदर्शी व वास्तविक होना चाहिए। हिमाचल में राजनीतिक अस्थिरता के प्रमाण अब तहरीर बनने लगे हैं, चुनावी मोहल्ले के वकील अब सडक पर लड़ने लगे हैं। अभी फाइलों के टकराव, घटनाक्रम के उन्माद और हस्तियों के प्रकार दिखने लगे हैं। राज्यसभा चुनाव के अंकगणित से सियासत का बिगड़ा मूड, सत्ता के सबूत से प्रमाणित होगा। उपचुनावों से पहले नाव दरिया में डूबी या चुनावी कसरतों ने शह और मात को अब बुलंद किया। जो भी हो, सोलन में मेयर और डिप्टी मेयर का अयोग्य होना साधारण घटना तो नहीं है और न ही अब क्रॉस वोटिंग के घाव कभी सहज होंगे।

इसलिए अब मुकाबले के परिदृश्य में कभी राज्य की जांच भारी पड़ेगी, तो कभी अदालत के नोटिस पर मानहानि के मामले अशांत दिखेंगे। जो भी हो, लेकिन यह तय है कि जो गुजर गया, वह भी अपने पीछे बारूद छोड़ गया और जो होना है, उसके लिए बारूद खोजा जा रहा है। फिर तीन निर्दलीयों के उपचुनाव सियासत की वीरभूमि खोजेंगे तो सीपीएस मामलों की परछाई में सत्ता के चिराग खुद को बचाएंगे। कांग्रेस से भाजपा में जा मिले नेताओं का शोर एक उपचुनाव में तो पूरी तरह सफल नहीं हुआ, फिर निर्दलीयों की अमानत पर निशाने करीब से लगेंगे। इसी तरह नगर निगम सोलन अब एक अद्भुत प्रसंग में पुनः अपना मेयर देखेगा, तो जब बारात निकलेगी तो खबर यह भी आएगी कि किस अन्य नगर निगम में मेयर के खिलाफ अविश्वास का प्रस्ताव मुंहफट हो गया।

# जम्मू-कश्मीर की आगे की राह

**‘ यह भी पहली बार ही हुआ है कि श्रीनगर से कोई शिया पंथ का प्रत्याशी लोकसभा पहुंचा हो। बारामूला लोकसभा क्षेत्र की कहानी इससे भी ज्यादा दिलचस्प है। यहां 58.17 फीसदीमतदान हुआ जो राज्य में सबसे ज्यादा मतदान का रिकार्ड है। यहां नेशनल कान्फ्रेंस के शाही परिवार के वारिस उमर अब्दुल्ला को एक आजाद उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख ने बुरी तरह पराजित किया। रशीद को 472481 (45.7 फीसदी) वोट मिले जबकि उमर अब्दुल्ला को 268339 (25.95 फीसदी) से ही संतोष करना पड़ा। पीपुल्स कान्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन को 173239 (16.76 फीसदी) वोट मिले। कहा जाता है कि लोन की सहायता भारतीय जनता पार्टी भी कर रही थी। पीडीपी का प्रत्याशी तो कुल मिलाकर 27488 पर ही सिमट गया। जीतने वाला प्रत्याशी रशीद पिछले पांच साल से धन संबंधी मामलों के हेरफेर के चलते जेल में बंद है। रशीद पहले सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कान्फ्रेंस में ही था, लेकिन उसने बाद में अपनी अवामी इत्तिहाद पार्टी बना ली थी। अनन्तनाग-राजौरी सीट कश्मीर और जम्मू संभाग की सांझी सीट है। ’**

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

जम्मू कश्मीर विधानसभा के लिए चुनाव सितम्बर 2024 तक सम्पन्न हो जाएंगे, ऐसा उच्चतम न्यायालय के फैसले से ही स्पष्ट हो गया था। इसके लिए चुनाव आयोग ने तैयारियां भी प्रारम्भ कर दी हैं। राज्य में हवा का रुख क्या है, इसका थोड़ा बहुत संकेत लोकसभा के लिए हुए चुनाव परिणाम से भी मिल ही जाता है। वैसे हवा का रुख कब बदल जाए, इसका अन्दाजा तो मौसम विज्ञानी भी नहीं लगा पाते। लोकसभा में जम्मू कश्मीर की पांच सीटें हैं। इनमें से जम्मू और ऊधमपुर तो जम्मू संभाग में आती हैं और श्रीनगर व बारामूला कश्मीर संभाग में आती हैं। तीसरी सीट अनंतनाग-राजौरी है जो जम्मू और कश्मीर दोनों संभागों में बंटी हुई है। जम्मू संभाग की दोनों सीटें भाजपा ने लगातार तीसरी बार जीत ली हैं। लेकिन कश्मीर संभाग की दोनों सीटों के चुनाव परिणाम चौंकाने वाले ही कहे जाएंगे। वैसे श्रीनगर, बारामूला और अनन्तनाग की तीनों सीटों पर पहली बार कुल मिला कर 50.86 फीसदी मतदान हुआ। 2019 में यह मतदान 19 फीसदी के आसपास था। सबसे पहले श्रीनगर सीट की बात ही की जाए। इस सीट में श्रीनगर के अतिरिक्त बडगाम, गांदरबल, पुलवामा और शोपियां जिले शामिल हैं। यह सीट शेख मोहम्मद अब्दुल्ला परिवार का अभेद्य किला मानी जाती थी। इस सीट पर अब तक हुए तेरह चुनावों में से दस बार नेशनल कान्फ्रेंस को ही जीत मिली है। यहां से फारूक अब्दुल्ला, उनके माता जी बेगम अकबर जहां अब्दुल्ला और उनके पुत्र उमर अब्दुल्ला बार बार जीतते रहे हैं। लेकिन इस बार अब्दुल्ला परिवार की ओर से इस सीट पर कोई मैदान में नहीं था।

नेशनल कान्फ्रेंस की ओर से शिया पंथ से ताल्लुक रखने वाले बडगाम के युवा नेता आगा रुहुल्लाह मेहदी को मैदान में उतारा था। रुहुल्लाह के पिता की हत्या आतंकवादियों ने 2000 में गुटों की भीतरी कलह के चलते कर दी थी। मेहदी का मुकाबला इस बार पीडीपी के वहीदुर रहमान पारा और अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर से था। भारतीय जनता पार्टी का कोई प्रत्याशी नहीं था, लेकिन पार्टी परोक्ष रूप से अपनी पार्टी के पक्ष में दिखाई दे रही थी। जहां तक मतदान का सवाल है, श्रीनगर सीट पर 1996 में 40.94 फीसदी मतदान हुआ था, जो 2019 तक आते आते 14.43 फीसदी पर सिमट गया था। कहा यह भी जाता है कि यहां के राजनीतिक दल ज्यादा पैसा इस बात पर खर्च करते थे कि मतदान का बायकाट करवा दिया जाए, ताकि केवल कुछ हजार वोट से ही लोकसभा पहुंचा जा सके। लेकिन इस बार इस सीट पर 38 फीसदी से भी ज्यादा मतदान हुआ। नेशनल कान्फ्रेंस के रुहुल्लाह मेहदी को 3.56 लाख (52.8 फीसदी) वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी पीडीपी के प्रत्याशी को 1.68 लाख (24.9 फीसदी) वोट मिले। अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर को मात्र 65954 वोट मिले। गुलाम नबी आजाद ने अपनी अलग डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी बना कर अपना प्रत्याशी भी मैदान में उतारा था, लेकिन वह 15104 वोट ही ले पाया।

यह भी पहली बार ही हुआ है कि श्रीनगर से कोई शिया पंथ का प्रत्याशी लोकसभा पहुंचा हो। बारामूला लोकसभा क्षेत्र की कहानी इससे भी ज्यादा दिलचस्प है। यहां 58.17 फीसदीमतदान हुआ जो राज्य में सबसे ज्यादा मतदान का रिकार्ड है। यहां नेशनल कान्फ्रेंस के शाही परिवार के वारिस उमर अब्दुल्ला को



एक आजाद उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख ने बुरी तरह पराजित किया। रशीद को 472481 (45.7 फीसदी) वोट मिले जबकि उमर अब्दुल्ला को 268339 (25.95 फीसदी) से ही संतोष करना पड़ा। पीपुल्स कान्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन को 173239 (16.76 फीसदी) वोट मिले। कहा जाता है कि लोन की सहायता भारतीय जनता पार्टी भी कर रही थी। पीडीपी का प्रत्याशी तो कुल मिलाकर 27488 पर ही सिमट गया। जीतने वाला प्रत्याशी रशीद पिछले पांच साल से धन संबंधी मामलों के हेरफेर के चलते जेल में बंद है। रशीद पहले सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कान्फ्रेंस में ही था, लेकिन उसने बाद में अपनी अवामी इत्तिहाद पार्टी बना ली थी। अनन्तनाग-राजौरी सीट कश्मीर और जम्मू संभाग की सांझी सीट है। बारामूला सीट ने पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को ठिकाने लगाया, तो अनन्तनाग ने दूसरी पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को धूल चटा दी। इस सीट पर मुख्य लड़ाई नेशनल कान्फ्रेंस के मियां अलताफ अहमद और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती के बीच थी। मियां जी को 521836 वोट मिले और महबूबा मुफ्ती को 240042 वोट हासिल हुए। अपनी पार्टी के मिनहास को 42195 और गुलाम नबी आजाद की आजाद पार्टी को 25561 वोट मिले। कुल मिला कर इस सीट पर 53 फीसदी मतदान हुआ जो अब तक का रिकार्ड मतदान है।

मियां अलताफ अहमद घाटी की सूफी परम्परा के एक सिलसिले से ताल्लुक रखते हैं। वे घाटी में इस सिलसिले के मुखिया कहे जा सकते हैं, जो उनके खानदान में पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है। जब 1931 में शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ने घाटी में मुस्लिम कान्फ्रेंस शुरू की थी तभी मियां अलताफ अहमद के दादा मियां निजामुद्दीन ने भी कश्मीर घाटी में गुज्जर-जाट कान्फ्रेंस का गठन किया था। इस सीट पर लड़ाई ने एटीएम बनाम डीएम का रूप ही ले लिया था। जहां तक जम्मू संभाग की दो सीटों जम्मू और ऊधमपुर का ताल्लुक है, इन दोनों सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल कर ली है। इन दोनों सीटों पर न तो पीडीपी ने और न ही नेशनल कान्फ्रेंस ने अपने प्रत्याशी खड़े किए थे। ये दोनों पार्टियां अपने आप को इंडी गठबंधन का हिस्सा ही मानती हैं, इसलिए वे मिल कर इन दो सीटों पर कांग्रेस का ही समर्थन कर रही थीं। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस जीत के आसपास भी नहीं पहुंच सकी। ऊधमपुर से भाजपा के डा. जतिन्द्र सिंह को 571076 वोट मिले और कांग्रेस के चौधरी लाल सिंह को 446703 वोट मिले। इसी प्रकार जम्मू सीट से भाजपा के जुगल किशोर शर्मा को 687588 और कांग्रेस के रमन भल्ला को 552090 वोट हासिल हुए। जम्मू कश्मीर में गुलाम नबी आजाद ने भी अपनी पार्टी बना कर किस्मत आजमाने की कोशिश की थी। लेकिन आजाद को बुरी तरह शिकस्त का मुंह देखना पड़ा। सबसे चौंकाने वाली जीत तो अनन्तनाग सीट से मियां अलताफ अहमद को मिली। मियां साहिब गुज्जर बकरवाल बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं।

उनका मुकाबला सैयद बिरादरी की महबूबा मुफ्ती से था। सैयदों के प्रति आम कश्मीरी का भाव पूजा के समान ही होता है। गुज्जरों की तो बात ही क्या, कश्मीरी भी सैयदों के आगे सिजदा करते हैं। सैयदों की विवाह शादी कश्मीरियों से नहीं होती। किसी सैयदा के आगे एक गुज्जर मुकाबले में आ गया है, यही सबसे हैरानी की नहीं, बल्कि हौसले की बात थी। मियां जी यह हौसला दिखा रहे थे। इससे अनन्तनाग से लेकर राजौरी पुंछ के गुज्जर बकरवालों तक में एक नया जोश देखा जा सकता था। महबूबा मुफ्ती के पास सैयद होने के अतिरिक्त एक दूसरा तगमा भी था। वह राज्य की मुख्यमंत्री भी रह चुकी थी। मियां जी की एक दूसरी कमजोरी थी। वे सम्प्रदाय के हिसाब से शिया थे जबकि उनके मतदाता इस्लाम को मानने वाले थे, जो सुन्नी कहलाते हैं। लेकिन मतदाताओं ने मजहबी भेदभाव की ये दीवारें तोड़ कर सैयदा के मुकाबले एक गुज्जर को और सुन्नी के मुकाबले एक शिया को भारी बहुमत से जिता दिया। जम्मू कश्मीर के दोनों राज परिवार ध्वस्त हो गए।

# कब होगा नगद ईनाम बांट समारोह

**हिमाचल प्रदेश में चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए, लेकिन चुनावों को लेकर व्यवस्था संबंधी कुछ मुद्दों पर निर्वाचन आयोग को गौर फरमाने की आवश्यकता है। जहां तक चुनावी ड्यूटी में लगे कुछ कर्मचारियों के सस्पेंड किए जाने का सवाल है, तो इसमें कोई दो राय नहीं कि मतदान से पूर्व तैनात सभी कर्मचारियों को रिहर्सल द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैयारी करवाई जाती है। अज्ञानतावश, जल्दीबाजी अथवा डर के चलते कहीं न कहीं चुनावी प्रक्रिया में मानवीय चूक होने से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। ऐसी भी सूचनाएं हैं कि कई मतदान केंद्रों में तैनात पीठासीन अधिकारियों ने अपनी टीम पर भरोसा ही नहीं किया। चुनाव आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया में हुई त्रुटियों का संज्ञान लेते हुए कुछ कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया है।**

भूपिंदर सिंह

पहले भाजपा की जयराम सरकार ने राज्य के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीते गए पदकों की ईनामी राशि को काफी सम्मानजनक स्तर तक तो जरूर बढ़ाया है, मगर पदक विजेताओं के लिए ईनाम बांट समारोह का आयोजन नहीं हो पाया है। कांग्रेस सरकार को भी चुने हुए दूसरा वर्ष भी आधा खत्म हो रहा है, मगर यह सरकार भी राज्य के वरिष्ठ व कनिष्ठ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए ईनाम बांट समारोह आयोजित नहीं कर पाई है। हां, यह अलग बात है कि मुख्यमंत्री ने नयी खेल नीति बनाने की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए बजट में ओलंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता की नगद ईनामी राशि को तीन करोड़ रुपए से पांच करोड़ रुपए, रजत पदक की दो करोड़ रुपए को तीन करोड़ रुपए व कांस्य पदक विजेता के एक करोड़ रुपए को दो करोड़ रुपए तक बढ़ाया है। एशियन व राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं के नगद ईनाम में भारी बढ़ोतरी कर एशियाड के स्वर्ण पदक विजेता के पचास लाख रुपए को चार करोड़ रुपए, रजत के बीस लाख रुपए को अढाई करोड़ रुपए व कांस्य पदक विजेता के बीस लाख रुपए को डेढ़ करोड़ तथा राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता को तीन करोड़, रजत के लिए दो करोड़ रुपए व कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपए तक बढ़ा कर हिमाचल प्रदेश के खिलाडियों को बहुत बड़ी सौगात दी है। जब विक्रमादित्य खेल मंत्री थे तो उन्होंने राज्य के लिए नयी खेल नीति लाने की बात की थी जिससे खिलाड़ियों को अधिक लाभ होगा।

दशक पूर्व जब हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने अंतरराष्ट्रीय खेलों के पदाधिकारियों की ईनामी राशि को लाखों से करोड़ों में किया था तो उसके बाद हरियाणा में खिलाडियों व उनके अभिभावकों ने अपने बच्चों का कैरियर खेलों में तलाशना शुरू कर दिया है। हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में ड्रिल व खेलों के लिए एक पीरियड जो वर्षों पहले पढ़ाई के नाम पर खत्म कर दिया था, अब फिर से शुरू करने का क्रांतिकारी कदम उठा कर सरकार ने स्कूली विद्यार्थियों की फिटनेस को ध्यान में रखने को तो जरूर कहा है, मगर खेलों के प्रशिक्षण व प्रतियोगिताओं



के लिए समय सीमित कर दिया है, जो कथनी व करनी में बहुत फर्क दिखा रहा है। प्रतियोगिता व प्रशिक्षण शिविरों के समय खिलाडियों को खाने में बहुत दिक्कत रहती है। सरकार द्वारा खुराक भत्ता बढ़ाना हिमाचल प्रदेश की खेलों व खिलाडियों के लिए अच्छा संकेत है, मगर साथ ही साथ खिलाडियों के प्रशिक्षण व प्रतियोगिताओं के लिए उचित समय देकर खेलों के साथ न्याय करे। हिमाचल की सुक्खू सरकार ने राज्य में खेलों के लिए ऐतिहासिक फैसले लेकर खिलाडियों व खेल प्रेमियों को खुश कर दिया है। आशा करते हैं कि जुलाई के उपचुनावों के बाद जल्दी ही प्रदेश के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल को गौरव दिलाने वाले पदकधारियों के लिए नगद ईनाम बांट समारोह का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ी तो प्रशिक्षक ही बनाएगा। ओलंपिक 2036 भारत में आयोजित करवाने की बात हो रही है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस स्तर पर भारत का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट हो। इसलिए भारत में अच्छे प्रशिक्षकों को सही सुविधा व प्रबंधन देना बहुत ही जरूरी हो जाता है, क्योंकि खिलाड़ी से उच्च परिणाम केवल प्रशिक्षक ही दिलाता है, मगर कांग्रेस सरकार की इस ईनाम बढ़ोत्तरी में प्रशिक्षक को मिलने वाले नगद ईनाम पर चुप्पी क्यों है।

आज का अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है, क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव द्वारा विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया है, मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है, जैसा हजारों साल पहले था। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाता। विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। आशा करते हैं कि सरकार उन्हें भी सम्मानजनक ईनामी राशि देगी। इस संबंध में जल्द ही फैसला हो जाना चाहिए। जहां तक हिमाचल में खेल उत्कृष्टता की बात है, इस क्षेत्र में अभी बहुत काम होना बाकी है।

## माता नबाही देवी

चिंतन-मनन

देवभूमि हिमाचल देवी-देवताओं के मंदिरों का प्रदेश है। जहां जगह-जगह पर मंदिर मिल जाएंगे। ऐसा ही एक मंदिर है माता नबाही देवी का, जो जिला मंडी के सरकाघाट से करीब 4 किलोमीटर की दूरी पर सडक के किनारे बसे एक छोटे से गांव नबाही में स्थित है। यह भव्य मंदिर सरकाघाट-जाहु रोड पर है। इस मंदिर में दर्शन करने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं और मन की मुरादें पूरी करते हैं। कहा जाता है की भगवती के यहां प्रकट होने के बाद ही इस गांव का नाम नबाही पड़ा। इससे पहले इस गांव का नाम संगरोह हुआ करता था। मंडी नगर से यह स्थान लगभग 60 किलोमीटर तथा घुमारवीं-बिलासपुर से 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मंदिर के चारों तरफ सुंदर बाग-बागीचे हैं। मंदिर के उत्तर की ओर विभिन्न पेड़ों के मध्य एक तालाब है, जिसमें सदैव कमल खिले रहते है। समुद्रतल से लगभग 750 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर का प्राकृतिक सौंदर्य देखते ही बनता है। नबाही देवी मंदिर की कथा बड़ी रोचक है। माना जाता है कि यहां प्राचीन काल में जंगल के रास्ते एक बंजारा यानी की चूडियां बेचने वाला गुजर रहा था।

गर्मियों की धूप से बचने के लिए पेड़ की छांव में बैठ गया। पेड़ की शीतलता में उसकी झपकी लग गई। तभी एक सुंदर कन्या ने स्वप्न में आकर चूडियां पहनाने का आग्रह किया। जैसे ही वह नींद से जागा वह सुंदर कन्या सामने बैठी थी। बंजारा उसे चूडियां पहनाने लगा, कन्या ने चूड़ियों के लिए 9 हाथ निकाले। दिव्य स्वरूप को देखकर वह हैरान रह गया। उसी वक्त कन्या 9 भुजाओं के साथ शेर पर सवार होकर प्रकट हुई और चूड़ियां बेचने वाले को आशीर्वाद दिया। उसके बाद लोगों को भी मां के दर्शन होने लगे व यहां पर मां के नव दुर्गा मंदिरों की स्थापना की गई। तब से ये मंदिर लोगों की गूढ़ आस्था का केंद्र है। माना जाता है कि प्राचीन काल में वर्तमान मंदिर के साथ 9 मंदिर हुआ करते थे, जो नव दुर्गा के रूप में पूजे जाते थे। लेकिन मुगल काल में औरंगजेब की सेना ने नबाही के इन मंदिरों को तोड़ डाला। लेकिन 20वीं सदी के मध्य यहां एक लघु मंदिर का निर्माण करवाया गया। खुदाई करने पर यहां प्राचीन मंदिरों के अवशेष व खंडित प्रतिमाएं मिलीं। ये मूर्तियां अब वर्तमान मंदिर के आंगन में स्थापित है, जो पाषाण उत्कृष्ट मूर्ति कला का अद्भुत नमूना है। वर्तमान मंदिर में माता शीतला देवी की मूर्ति प्रतिष्ठित की गई है। मुख्य द्वार पर स्थित इस प्रतिमा के दर्शन के बाद ही भीतर जाया जाता है। नवाही मंदिर परिसर में ऋषि-मुनियों की समाधि भी नजर आती है, जो इस बात का प्रमाण है कि ये जगह ऋषि-मुनियों की तपोस्थली रही होगी। जून माह में यहां हर वर्ष मेला लगता है, जिसे देखने भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

आपके पत्र

## कायर आतंकवादियों को सबक सिखाना जरूरी

जिस तरह से जम्मू कश्मीर के रियासी क्षेत्र में मां वैष्णो देवी के दरबार से दर्शन करके लौटते श्रद्धालुओं की बस पर समाज पर कलंक आतंकवादियों द्वारा हमला करने की कायरतापूर्ण घटना को अंजाम दिया गया है, उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। साथ ही पाकिस्तान की निरंतर इस तरह की आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की कायराना सोच को मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए।

हैरानी की बात है कि कायर आतंकवादियों द्वारा जिस तरह से दर्शनों से लौट रहे श्रद्धालुओं की बस पर फायरिंग को अंजाम दिया गया, वहीं इस तरह से निर्दोष लोगों पर हमला करके आतंकवादियों ने यह दर्शा दिया है कि वे समूची मानवता पर ही कलंक हैं। वहीं उनकी कायरता स्वयं झलकती है। कहना गलत न होगा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को जल्द सबक सिखाना जरूरी है।

- मंगल सिंह, रांची

न्यूज फ्लैश

## नरेन्द्र मोदी 19 को आयेंगे बिहार, यूनिवर्सिटी ऑफ नालंदा के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**पटना, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार आ रहे हैं। तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी का यह पहला बिहार दौरा है। पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले में तय किया गया है। पीएम नरेन्द्र मोदी 19 को नालंदा आएंगे। वह यूनिवर्सिटी ऑफ नालंदा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम तय होते ही यूनिवर्सिटी ऑफ नालंदा तथा जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। हालांकि, यूनिवर्सिटी द्वारा अब तक आधिकारिक रूप से यह नहीं बताया गया है कि वहां कौन-सा कार्यक्रम है।

**विशेष विमान से आयेंगे गया :** मिली जानकारी के अनुसारी 19 जून को पूर्वाह्न 10 बजे प्रधानमंत्री विशेष विमान से गया हवाई अड्डे पर उतरेंगे। वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा यूनिवर्सिटी ऑफ नालंदा के लिए निकलेंगे। यूनिवर्सिटी कैंपस में बने हैलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर लैंड करेगा। यहां कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद वापस हेलीकॉप्टर से गया पहुंचेंगे और वहां से विमान द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के एक दिवसीय दौरे को लेकर नालंदा और गया में सुरक्षा की पुख्ता तैयारी की जा रही है।

**नालंदा में पीएम मोदी का पहला सरकारी दौर :** पीएम मोदी तीसरी बार नालंदा आ रहे हैं। लेकिन, यदि बात सरकारी कार्यक्रम की हो तो यह पहली दफा होगा, जब सरकारी कार्यक्रम के सिलसिले में वह यहां आएंगे। नरेन्द्र मोदी के नालंदा आने से लोगों में जबरदस्त उत्साह है। लोगों को उम्मीद है कि नालंदा और बिहार के लिए प्रधानमंत्री कुछ न कुछ सौगात जरूर देंगे। नरेंद्र मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में वे प्रचार के लिए नालंदा आये थे। गोलापर हवाई अड्डे में उनकी जनसभा हुई थी।

## जदयू से निकाले गए प्रदेश महासचिव जितेंद्र यादव

**पटना, एजेंसी**



लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम को लेकर सियासी दलों में मंथन का दौर चल रहा है। बिहार की 40 संसदीय सीटों पर हुए चुनाव में एनडीए को 30 सीटें मिली हैं। जदयू ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की जबकि 4 सीटों पर जेडीयू के प्रत्याशी चुनाव हार गए। वहीं अब चुनाव के दौरान लापरवाही और भितरघात करने वाले पार्टी के पदाधिकारियों पर जदयू ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के कारण प्रदेश महासचिव जितेंद्र यादव को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर किया गया है।

जदयू ने प्रदेश महासचिव जितेंद्र यादव पर कड़ी कार्रवाई की है। उन्हें अगले 6 साल के लिए पार्टी से बाहर किया गया है। जितेंद्र यादव की पार्टी में ली गयी प्रारंभिक सदस्यता भी रद्द कर दी गयी है और सभी पदों से उन्हें मुक्त करने का आदेश जारी किया गया है। जदयू ने इसकी आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के पास चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद ये कार्रवाई की गयी है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणाम आया तो एनडीए को सरकार बनाने का जनादेश जरूर मिला लेकिन कई प्रदेशों में पिछले चुनाव परिणाम की तुलना में गठबंधन को कम सीटें मिली। ऐसा ही कुछ बिहार में भी हुआ। जहां एनडीए ने पिछले चुनाव में 40 में 39 सीटों पर जीत हासिल की थी लेकिन इस चुनाव में 30 सीटों पर ही जीत का झंडा गड़ सका। जदयू ने 12 सीटों को अपने कब्जे में जरूर किया लेकिन 4 सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी हार गए।

चुनाव परिणाम सामने आने के बाद सभी दल अब अपनी ओर से इसपर मंथन कर रहा है। भाजपा ने दो दिनों तक समीक्षा बैठक की है। जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में होने वाली है। राजद ने भी अपनी पार्टी की अहम बैठक बुलायी है जिसकी अध्यक्षता लालू यादव करेंगे। वहीं दूसरी ओर बीमा भारती के इस्तीफे के बाद खाली हुई रूपौली विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव का बिगुल भी बज चुका है। जदयू ने अपना प्रत्याशी इस सीट पर घोषित कर दिया है।

## नवादा में 10 साइबर अपराधी धराए, डिस्काउंट के नाम पर लगाते थे चपत



**नवादा, एजेंसी**

साइबर थाने की पुलिस ने 10 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के पास से 33 मोबाइल, 3 लैपटॉप, 50 एटीएम कार्ड, 40 पासबुक, 25 चेक बुक, 80 सिम कार्ड, एवं 95 हजार रुपये कैश सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि फ्लिपकार्ट के नाम पर साइबर अपराधी भोले भाले लोगों को ठगने का काम करते थे। इसके बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से साइबर अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि ईओयू ने ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी से डिलीवरी में पार्सल पर डिस्काउंट देने का झांसा देकर साइबर अपराधियों की ठगी की सूचना दी थी। साइबर थाने की डीएसपी सह थानाध्यक्ष प्रिया ज्योति के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने विभिन्न जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर दस साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे ऑपरेशन में डीएसपी के अलावा साइबर थाने के इंस्पेक्टर अमरनाथ कुमार व कांस्टेबल रंजीत रंजन समेत अन्य मौजूद रहे।

नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के पत्तल बिगहा गांव के स्व। रामाशीष सिंह के बेटे दीपक कुमार (26), नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव के शैलेंद्र सिंह के बेटे राजू रंजन (27), वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कुंभी गांव के रामसागर सिंह के बेटे अंकुश राज उर्फ आदित्य राज (26), नवादा के काशीचक थाना क्षेत्र के नेपुरा गांव के धनंजय कुमार के बेटे रविरंजन कुमार उर्फ अंकित कुमार (21), नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव के शैलेंद्र सिंह के बेटे निशांत कुमार उम्र (24), नालंदा जिले के सारे थाना क्षेत्र के गिलानी गांव के विजय प्रसाद के बेटे अशोक कुमार उम्र (28), नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र के सकुची सराय गांव के ओमप्रकाश पंडित के बेटे धीरेंद्र कुमार उम्र (30) व नवादा के काशीचक थाना क्षेत्र के नेपुरा गांव के पंकज सिंह के बेटे सानू कुमार उम्र (18) की गिरफ्तारी हुई। इसके अलावे झारखंड के कोडरमा जिले क डिडेबुआ थाना क्षेत्र के सानी गांव के स्व। रामेश्वर राणा के बेटे राजेंद्र राणा उम्र (30) और कोडरमा जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के कादोडीह गांव के बिहारी महतो के बेटे विरेंद्र कुमार वर्मा उम्र (37) की गिरफ्तारी हुई है।

# बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी पार्टियां

**पटना, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम सामने आने के बाद देश में जहां नयी सरकार बन चुकी है तो वहीं सभी सियासी दलें अब चुनाव परिणाम को लेकर समीक्षा भी कर रहे हैं। बिहार की प्रमुख सियासी दलें भी मंथन में जुटी है। गुरुवार को भाजपा ने लगातार दूसरे दिन समीक्षात्मक बैठक पटना में की है। चुनाव परिणाम को लेकर मंथन किया गया और अब आगामी विधानसभा चुनाव में जुटने का निर्देश पर्टी कार्यकताओं को दिया गया। वहीं राजद और जदयू की भी अहम बैठक होने वाली है। राजद ने पटना में बैठक बुलायी है तो वहीं जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में होगी।

**राजद की दो दिवसीय बैठक, लालू करेंगे अध्यक्षता :** राजद ने पटना में दो दिवसीय समीक्षा बैठक बुलाई है। इस बैठक में पार्टी के तमाम जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी और लोकसभा चुनाव में उतारे गए उम्मीदवारों को बुलाया गया है। पार्टी के सूत्र बताते हैं कि राजद इस बैठक में लोकसभा चुनाव के परिणाम पर मंथन करेगा। इस बैठक की अध्यक्षता खुद राजद सुप्रीमो लालू यादव कर सकते हैं। तेजस्वी यादव भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे। लोकसभा चुनाव में कहां चूक हुई इसपर भी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ मंथन हो सकता है। वहीं इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हो सकती है। पार्टी के कार्यकताओं को अब विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कहा जा सकता है। बता दें कि राजद ने 23 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे जहां 4 सीटों पर पार्टी को जीत मिली। 19 सीटों पर आरजेडी प्रत्याशियों की हार हुई है।

**दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक :** इधर, जदयू ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की तिथि तय कर दी है। 29 जून को दिल्ली में यह बैठक होगी। जिसमें पार्टी के तमाम सांसद, विधायक और जेडीयू के प्रमुख नेता शामिल होंगे। इस बैठक की अध्यक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंथन किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिसंबर 2023 में की गयी थी। जिसमें नीतीश कुमार को फिर एकबार पर्टी की कमान थमायी गयी थी।

**भाजपा ने भी किया मंथन :** वहीं बिहार भाजपा ने लगातार दो दिन अपने विधायकों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों, लोकसभा प्रभारियों और लोकसभा संयोजकों के साथ समीक्षा बैठक की। लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर मंथन किया गया। इस रिजल्ट से सबक लेकर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का निर्देश दिया गया। जिस भाजपा विधायक के क्षेत्र में विपक्ष के उम्मीदवार को अधिक वोट मिले, ऐसे क्षेत्र को चिन्हिंत करके वहां विशेष मेहनत और तैयारी करने को कहा गया।

# दो बच्चियों की गंडक नदी में डूबने से मौत एक का शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी

**बगहा, एजेंसी**

बगहा में गुरुवार की शाम गंडक नदी में डूबने से दो मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई। एक बच्ची का शव शुक्रवार की सुबह बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरी की तलाश अभी भी जारी है। दोनों बच्चियों की पहचान बगहा शहर के शास्त्री नगर वार्ड 13 निवासी सुखई चौधरी की 12 वर्षीय पुत्री नीलम कुमारी और राजेश खटीक की 7 वर्षीय पुत्री संजना के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे इलाके में मातम छा गया है।

**घास काटने के लिए घर से निकली थी दोनों बच्चियां :** जानकारी के अनुसार दोनों लड़कियां गुरुवार की दोपहर घास काटने शास्त्रीनगर घाट पर गई थीं और देर रात तक घर नहीं लौटीं। इसके बाद परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। शुक्रवार की सुबह एक लड़की के कपड़े गंडक नदी में तैरते दिखे। जिसके आधार पर लोगों ने लड़की की तलाश की और उसका शव नदी से बाहर निकाला। दूसरी लड़की की तलाश स्थानीय गोताखोरों द्वारा जारी है।

**एक का शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी :** दोनों बच्चियां बगहा शहर के शास्त्री नगर की रहने वाली हैं, जहां सुखई चौधरी की बेटी नीलम कुमारी का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरी लड़की राजेश खटीक की बेटी संजना के शव की तलाश अभी भी जारी है।



**क्या बोले परिजन :** परिजनों ने बताया कि गुरुवार को दोनों बच्चियां घास काटने गई थीं, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटीं तो रात में नदी के पास देखा गया। आसपास के इलाके में खोजबीन की गई, लेकिन बच्चियां नहीं मिलीं। शुक्रवार की सुबह कुछ लोगों ने शव को गंडक नदी में तैरता हुआ देखा। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने नीलम का शव गंडक नदी से निकाला। इस घटना के बाद शास्त्री नगर में कोहराम मचा हुआ है। वार्ड के दो बच्चों के एक साथ नदी में डूब जाने से वार्ड में मातम छाया हुआ है।

**क्या कहती है पुलिस :** घटना की पुष्टि करते हुए पटखौली थाना प्रभारी अनीश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की निगरानी में स्थानीय गोताखोरों द्वारा 7 वर्षीय संजना की तलाश की जा रही है। वहीं सीओ बगहा 2 को इसकी सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि नदी से बरामद नीलम के शव को पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है।

# हाजीपुर में अपराध को अंजाम देने से पहले पुलिस के हत्थे चढ़े 6 बदमाश

### चीनी कारोबारी को लूटने की बना रहे थे योजना

**हाजीपुर, एजेंसी**

हाजीपुर सदर थाना की पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे छह बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही इनके पास से देसी कट्टा, जिंदा कारतूस व चाकू बरामद किया गया है। ये सभी बदमाश एक चीनी व्यवसायी के साथ लूटपाट की योजना बनाने के लिए जुटे थे। यह जानकारी शुक्रवार को एसपी हरकिशोर राय ने दी।

**महिला छात्रावास के पास से किए गए गिरफ्तार :** एसपी हरकिशोर राय ने बताया कि सदर थाना की पुलिस को सूचना मिली थी कि अंबेडकर महिला छात्रावास के समीप करीब आधा दर्जन अपराधी हथियार के साथ जुटे हुए हैं और वे किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही सदर थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने पुलिस टीम के साथ वहां छापेमारी की। पुलिस की वैन को देखते ही सभी अपराधी वहां से भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने खदेड़कर छह बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस ने बदमाशों के पास से देसी कट्टा व चाकू बरामद किया है।



**गुदरी बाजार के चीनी व्यवसायी को लूटने वाले थे सभी :** एसपी ने बताया कि अपराधियों से पूछताछ के दौरान पता चला कि वे लोग गुरुवार की शाम हाजीपुर शहर के गुदरी बाजार के चीनी व्यवसायी से रुपये वाले थे। सभी अपराधी लूट की योजना बना रहे थे। इससे पहले कि अपराधी लूट की घटना को अंजाम देते, उसके पहले ही सदर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आधा दर्जन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

एसपी ने बताया कि इस गिरोह के एक अन्य बदमाश की पहचान की गयी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पकड़े गये सभी बदमाशों का आपराधिक इतिहास पुलिस खंगाल रही है। प्रेस कांफ्रेंस में डीआईयू प्रभारी सुनील कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी हर्षवर्धन कुमार, मंतोष कुमार आदि मौजूद थे।

इन बदमाशों की हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार होने वालों में नगर थाने के हथसारगंज निवासी मोहन पासवान का पुत्र सुदीप कुमार उर्फ सदीश, मणिलाल पासवान का पुत्र नीरज कुमार, नगर थाने के मालीपुर निवासी रामानंद ठाकुर का पुत्र विक्की आनंद, विजय राय का पुत्र नीरज कुमार, बिदुपुर थाने के नावानगर निवासी विनोद ठाकुर का पुत्र विकास कुमार तथा देसरी थाने के सुल्तानपुर निवासी मविलास सिंह का पुत्र सूरज कुमार शामिल हैं।

## बैंक पीओ पर बदमाशों ने की फायरिंग, भर्ती

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी**

मुजफ्फरपुर में देर रात अपराधियों ने बैंक पीओ को गोली मार दी है। वो अपनी कार से उतर रहे थे, इसी दौरान अपराधियों ने ताबड़तोड़ तीन गोलियां चलाई, जिसमें एक गोली बैंक पीओ के जांघ में लगी है। परिजनों ने उन्हे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मामला जिले के साहेबगंज स्थित गौड़ा पंचायत के महदेइया मठ के पास का है। बैंक पीओ को अपराधियों ने मारी तीन गोली: घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने मामले की जानकारी साहेबगंज थाने की पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। घायल की पहचान इलाके के ही संजय कुमार सिंह के 25 वर्षीय पुत्र निखिल कुमार के रूप में हुई है। उन्हें दरवाजे पर कार से उतरते ही गोली मार दी गई। इस घटना को एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने अंजाम दिया है। निखिल को तीन गोली मारी गई, जिसमें एक गोली बाएं जांघ में लगी है। गोलियों की आवाज सुनकर सरैया चौक पर हार्डवेयर की दुकान किए निखिल के पिता संजय कुमार सिंह भी भाग कर दरवाजे पर आए।

### बेटी से प्रेम-विवाह करने वाले दामाद का किया था कत्ल

# ससुर समेत तीन भाइयों को सुनायी गयी सजा

**छपरा, एजेंसी**

बिहार के छपरा में गांव की ही एक युवती से अंतरजातीय प्रेम विवाह करने वाले युवक की ससुराल पक्ष द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर देने एवं पूरे परिवार को जख्मी कर देने के मामले में न्यायालय ने मृतक के ससुर व दो भाइयों को सश्रम कैद व जुर्माना की सजा सुनाई है। शुक्रवार को एससीएसटी के विशेष न्यायाधीश ने इस मामले में सजा का ऐलान किया। सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार का पक्ष लड़ रहे वकील ने फांसी की सजा देने की मांग जज से की। जबकि बचाव पक्ष की ओर से कम से कम सजा देने का अनुरोध किया गया। साक्ष्य व सबूतों के आधार पर तीनों आरोपितों को उम्रकैद की सजा दी गयी।

**अदालत ने सजा का किया ऐलान :** शुक्रवार को एससीएसटी के विशेष न्यायाधीश रघुबंश नारायण ने मांझी थाना के कांड संख्या 10/21के एससीएसटी वाद संख्या 81/21में सजा की बिंदुओं पर सुनवाई की। अपने दामाद की हत्या करने के आरोपित मांझी थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी तीन सहोदर भाई गणेश यादव राजेश यादव व सुभाष यादव को धारा 302/34 मे आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार जुर्माना, धारा-307/34 में 10 वर्ष तथा 5 हजार जुर्माना व धारा 325/34 में 5 वर्ष की सजा तथा अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की धारा में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सभी सजा साथ-साथ चलने का आदेश दिया गया है।

**वर्ष 2021 में दर्ज किया गया था केस :** बताते चलें कि डुमरी निवासी शिवनाथ साह ने 9 जनवरी 2021 को जख्मी हालत में एक प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि उसका 25 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार 2 वर्ष पूर्व गांव के ही गणेश यादव की पुत्री ज्योति कुमारी से प्रेमविवाह करके दिल्ली चला गया था। दस दिन पूर्व वह पत्नी के साथ घर आया जिसे देखकर ज्योति के परिजन उग्र हो गये थे। 9 जनवरी की दोपहर वह सपरिवार दरवाजे पर बैठा था तभी गणेश यादव, राजेश यादव व सुभाष यादव के अलावे अन्य परिजन हथियार से लैश होकर उसके घर पर धावा बोल दिये। वे लोग कुछ समझ पाते तभी सभी ने उसे व उसकी पत्नी पानपती देवी, पुत्र चंदन व बहू ज्योति को लाठी डंडा व रड से पीटने लगे।

**बेटी ने ही दी थी पिता के खिलाफ गवाही :** आवेदन देकर बताया कि उनलोगों ने मेरे पुत्र का हाथ पैर मारकर तोड़ दिया और उसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। अपने समझ से हम सभी को मृत जानकर वे लोग चले गये तो गांव के किसी व्यक्ति की सूचना पर पुलिस आयी और हम सभी को सदर अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने पुत्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं पत्नी व बहू बेहोशी की हालत में है। इस मामले में पुलिस ने 1 अप्रैल को सभी के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र समर्पित किया था। जिसके बाद अभियोजन पक्ष से 9 गवाहों की गवाही करायी गयी। जिसमें ज्योति ने अपने पिता व परिजन के विरुद्ध गवाही दी है।

## पत्नी का गर्दन काटकर बगल में सो गया पति, बच्चों ने गांव वालों को जुटाया

**सारण, एजेंसी**

बिहार के सारण जिला अंतर्गत गड़खा थाना क्षेत्र के फेरूसा गांव में एक सनकी पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गला पर वार करके हत्या कर दी। मृतका हरिलाल मांझी की पत्नी 35 वर्षीय सावित्री देवी हैं। बताया जाता है की गुरुवार की रात्रि सावित्री सहित उसके सभी बच्चे खाना खाकर सो गये थे। शुक्रवार की सुबह उसके बच्चे नींद से जागे और अपनी मां के कमरे में गये तो देखा की उनकी मां खून से लथपथ मृत पड़ी हुई हैं और पिता सोये हुए है। इस घटना को देख बच्चे रोने चिल्लाने लगे। जिसपर ग्रामीण इकठ्ठे हो गये और कमरे में जाकर देखा तो खून से लथपथ महिला पड़ी हुई है और गला कटा हुआ है।

इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी। जिस पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की और शव को कब्जे मे करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पति को पुलिस गिरफ्तार करके अपने साथ थाने ले गयी। ग्रामीणों का कहना है की लोहे के गड़ासी से महिला के गर्दन पर वार किया गया है। जिससे महिला का गर्दन कट गया और उसकी मौत हो गयी। हत्या के कारण का पता अभी तक नही चल सका है।

थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार ने बताया की इस घटना के बाद मृतका के पति हरिलाल को गिरफ्तार कर लिया गया है और जिस हथियार से महिला के गर्दन पर वार किया गया है वह हथियार भी बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया। मृतका के किसी भी परिजन द्वारा आवेदन नही दिया गया है। हत्या के कारण का पता लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतका की चार पुत्री है। इसका पति मजदूरी करता है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस घटना को लेकर गांव मे चर्चा विषय बना हुआ है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक तंगी के कारण दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई होगी। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि मृतका का पति शराब पीता था। शराब के नशे में ही इसने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है।

## पिस्टल दिखाने में चली गोली, भोजपुर में छत पर सोए युवक को लगी

**भोजपुर, एजेंसी**

बिहार के भोजपुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी एक 30 वर्षीय व्यक्ति को सोए अवस्था में गोली लग गई। घायल चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी बबलू कुरैसी है जो मुसा कुरैसी का पुत्र है।

पिस्टल दिखाने में फायरः घायल बबलू कुरैसी ने बताया कि वह अपने छत पर गुरुवार की रात सोया था। शुक्रवार की सुबह 6 बजे जगा तो देखा की छत पर उनका बेटा और चाचा के दोनों लड़के हाथ में पिस्टल लेकर बात कर रहे थे। तभी इस क्रम में फायर हो गई और गोली उन्हें लग गई। घटना के बाद परिवार के लोगों ने घायल को इलाज के लिए आरा के डॉक्टर के यहां लाया। जहां डॉक्टर ने ऑपरेशन कर गोली निकाला।

सभी बहुत ही कम उम्र के लड़केः वहीं, घायल ने बताया कि जिस लड़के से फायर हुआ है। वह मेरे बेटे का दोस्त है। अंजाने में घटना घटी है। सभी बहुत ही कम उम्र के लड़के हैं। अंजाने में गोली लगी है, केस नहीं करना है। वहीं, डॉक्टर विकास ने बताया कि घायल को जांघ में एक गोली लगी थी, जो कमर के पास आकर फंस गई थी, जिसे ऑपरेशन कर निकाल दिया गया। फिलहाल युवक की स्थिति सामान्य है। चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव में शुक्रवार की सुबह एक युवक को गोली लगने की सूचना मिली थी। घायल का इलाज आरा के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। घायल या उसके परिवार के तरफ से किसी भी प्रकार का आवेदन थाना में नहीं दिया गया है। पुलिस अपने स्तर से घटना की जांच कर रही है।

### जीतन राम मांझी का राजद पर बड़ा हमला, बोले

# अपराध के मुद्दे पर थेथरई करते हैं तेजस्वी यादव

**गया, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने राजद पर बड़ा हमला किया है। बिहार में बढ़ते अपराध पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आरोप का करारा जवाब देते हुए जीतनराम मांझी ने कहा कि तेजस्वी यादव तेजस्वी यादव थेथरई करते हैं, उनको पहले सही से मामले की जानकारी रखनी चाहिए, तब बोलना चाहिए। जीतन राम मांझी ने कहा कि लालू परिवार को लॉ एंड ऑडर पर बात करने का कोई अधिकार नहीं है। चाहे तेजस्वी यादव हो या लालू यादव हो, इन दोनों को अपराध पर बात करने की जरूरत ही नहीं है, क्योंकि इन्हें पहले अपना पुराना इतिहास देखना चाहिए। उसके बाद कुछ भी बोलना चाहिए।

अपराध पर हो रही तुरंत कार्रवाई



केंद्रीय मंत्री मांझी ने कहा कि वर्तमान में यदि अपराध की संख्या बढ़ी है, तो उसे पर कार्रवाई हो रही है और तुरंत एक्शन लिया जा रहा है। उनके समय में एक्शन तो दूर की बात है उल्टा अपराधी उनके घर जाते थे और चाय पीकर वहां नेगोशिएशन किया जाता था। लेकिन,अब ताकत नहीं है कि कोई ऐसा करें। मांझी ने तेजस्वी को सलाह देते हुए कहा कि वह जो कुछ भी कह रहे हैं वह सही नहीं कह रहे हैं। 2005 पहले के कार्यकाल को याद कर आज भी बिहार की जनता का जी कांप जाता है। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। हालांकि जनसंख्या बड़ी है तो छिटपुट घटनाएं भी होती है, लेकिन इस पर तुरंत कार्रवाई भी तो हो रही है।

### मांझी का गया में हुआ जोरदार स्वागत

इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री बनने के बाद जीतराम मांझी पहली बार अपने गृह जिला गया पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ काम करने का स्वभाग्य मिला है। प्रधानमंत्री का विजन और चैलेंज है कि अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि गया की अपेक्षा हैं कि गया के युवाओं की बेरोजगारी दूर की जाए। उन्होंने कहा कि भगवान हमें शक्ति दें कि ज्यादा से ज्यादा नियोजन कर लोगों को रोजगार से जोड़ सकूं। गया आगमन पर उनके कार्यकताओं और उनके शुभचिंतकों ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया।

न्यूज फ्लैश

## भारत सरकार के नीति से महंगी होगी कारें

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत की एनर्जी एफिशिएंसी एंड कंजर्वेशन एजेंसी के उठाए गए एक नए कदम के कारण भारत में कारें बहुत महंगी हो सकती हैं। चूंकि भारत में वाहन निमार्ताओं को अगले तीन सालों में कार्बन इमिशन में एक तिहाई की कटौती करनी है या फिर एनर्जी एफिशिएंसी ब्यूरो (बीईई) ने कॉपोरेंट औसत फ्यूल एफिशिएंसी फॉर्म (सीएएफई) के तीसरे संस्करण के तहत दंड का सामना करना होगा। इसलिए इससे आपकी कारें महंगी हो सकती हैं। एक उद्योग अधिकारी ने मीडिया को बताया कि चुनौती केवल एक ऐसा वाहन विकसित करना ही नहीं है जो सख्त सीएएफई 3 और सीएएफई 4 मानदंडों को पूरा करता हो, बल्कि इसकी कीमत भी ऐसी हो कि खरीदार हों। आप कम इमिशन वाला वाहन बना सकते हैं, लेकिन अगर इसकी कीमत अफोर्डेबल नहीं होगी, तो कोई खरीदार नहीं होगा और कोई लाभ नहीं होगा। इससे कंपनी के सीएएफई स्कोर पर असर पड़ेगा।

## हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 8 साल के लंबे अंतराल के बाद इस साल के अंत में अपनी वापसी करने के लिए तैयार है। हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 संस्करण में 8 पुरुष और 6 महिला टीमें शामिल होंगी और देश भर के हॉकी खिलाड़ियों को 30 जून 2024 तक या उससे पहले खुद को पंजीकृत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह खेल के इतिहास में पहली बार है कि एक विशेष महिला एचआईएल का आयोजन एक साथ किया जाएगा, जो महिला हॉकी को बढ़ावा देने और इसके बाद भारत में महिला हॉकी खिलाड़ियों की प्रतिभा को बढ़ाने के हॉकी इंडिया के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, हॉकी इंडिया ने शीर्ष 15 हॉकी खेलने वाले देशों के खिलाड़ियों को आगामी सत्र के लिए अपने खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मचारियों को पंजीकृत करने के लिए भी आमंत्रित किया है, जो एफआईएल द्वारा स्वीकृत विंडो में आयोजित किया जाएगा। लीग का आयोजन दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह से फरवरी 2025 के पहले सप्ताह तक किया जाएगा। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने कहा कि हमें हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 संस्करण के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण शुरू करने पर बहुत खुशी है। यह कदम दशार्ता है कि हम लक्ष्य को फिर से शुरू करने के करीब हैं, एक ऐसी लीग जिसे दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक पसंद करते थे। हमें विश्वास है कि उभरते भारतीय हॉकी खिलाड़ी दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का मौका जरूर पाएंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी कहा कि एचआईएल को भारतीय हॉकी टीमों के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह बहुत खुशी और गर्व की बात है कि हम इसे फिर से शुरू करने के कगार पर हैं। यह लीग युवा खिलाड़ियों के स्तर को बेहतर बनाने और पूरे देश में हॉकी की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करेगी। हमें भारत और विदेशों से ढेर सारे आवेदन मिलने की उम्मीद है।

## टी-20 वर्ल्ड कप की टीम से दो खिलाड़ियों की हो सकती है छुट्टी



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में कमाल का प्रदर्शन कर रही है। उसने अपने लीग स्टेज के अब-तक खेले गए सभी 3 मुकाबलों में जीत हासिल की है। भारत ने पहले मैच में आयरलैंड को 8 विकेट से हराया और फिर पाकिस्तान को 6 रनों से धूल चटाई। इसके बाद टीम इंडिया ने अपने तीसरे लीग मैच में होम टीम यूएसए (अमेरिका) को 10 गेंद शेष रहते हुए 7 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही मैन इन ब्लू ने सुपर-8 में प्रवेश कर लिया है। इस टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम के दल में 15 खिलाडियों को शामिल किया गया था। इसके अलावा टीम के साथ रिंकू सिंह, खलील अहमद, शुभमन गिल और आवेश खान के रूप में 4 खिलाड़ियों को बतौर ट्रैवलिंग रिजर्व जोड़ा गया था। अब सामने आ रहीं मीडिया रिपोट्स की मानें तो इनमें से 2 खिलाड़ियों की छुट्टी हो सकती है। दरअसल टीम इंडिया को लीग स्टेज का अपना अंतिम मैच 15 जून को कनाडा के साथ खेलना है। खबरों की मानें तो इस मैच के बाद शुभमन गिल और आवेश खान को भारतीय टीम से रिलीज किया जा सकता है। ये दोनों ही खिलाड़ी इसके बाद ट्रैवलिंग रिजर्व का हिस्सा नहीं होंगे और वापस भारत लौट आएंगे। ऐसे में बस खलील अहमद और रिंकू सिंह ही टीम के साथ बतौर ट्रैवलिंग रिजर्व बन रहेंगे।

## टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हुआ न्यूजीलैंड

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर हो चुकी है। अफगानिस्तान को पापुआ न्यू गिनी पर मिली जीत के साथ ही केन विलियमसन की न्यूजीलैंड का सुपर-8 में जगह बनाने का सपना टूट गया है और वो ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई है। अब न्यूजीलैंड लीग स्टेज के अपने अंतिम 2 मैच तो खेलेगा लेकिन टॉप 8 टीमों के साथ अगले दौर में आगे नहीं बढ़ पाएगा, जहां सुपर-8 टीमों के बीच टॉप चार की जंग होगी, जिससे टी20 वर्ल्ड कप 2024 के चार सेमीफाइनलिस्ट मिल सकेंगे। न्यूजीलैंड ने अब तक टूनामेंट में सिर्फ 2 मैच खेले हैं। इन दोनों मैचों में पहले उसे अफगानिस्तान ने 84 रनों से रौंदा और फिर वेस्टइंडीज ने उसे 13 रनों से हरा दिया। इस समय न्यूजीलैंड के 2 मैचों के बाद 0 अंक हैं। ऐसे में वो बाकी बचे दोनों मैच जीत भी लेता है तो उसके सिर्फ 4 अंक हो सकते हैं, जबकि अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज 6-6 अंकों के साथ सुपर-8 में जगह बना चुके हैं। आज यानी शुक्रवार को अफगानिस्तान और पापुआ न्यू गिनी के बीच ग्रुप सी का मैच खेला गया। इस मैच को अफगानिस्तान ने 7 विकेट से जीत लिया और सुपर-8 में जगह बना ली। वेस्टइंडीज की टीम पहले ही सुपर-8 में जगह पक्की कर चुकी थी। एक ग्रुप से टॉप पर रहने वाली दो टीमें ही सुपर-8 में जगह बना सकती हैं और इसकी दावेदार ग्रुप सी से अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज बनीं, इसके साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई।

# 22 जुलाई को पेश हो सकता है बजट, आएगा इकोनॉमिक सर्वे

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय बजट 2024 वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 22 जुलाई को संसद में पेश कर सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित इकोनॉमिक सर्वे 3 जुलाई को जारी होने की संभावना है। यह सरकार द्वारा पूर्ण केंद्रीय बजट की घोषणा होगी। बता दें कि इससे पहले लोकसभा चुनावों के कारण एक फरवरी, 2024 को सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश की थी। मीडिया रिपोर्ट के म केंद्रीय बजट 2023-24 22 जुलाई को पेश किए जाने की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी, जो लगातार उनका 7वां वार्षिक वित्तीय विवरण होगा। यह वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट भी होगा। हालांकि, तारीख पर अंतिम आधिकारिक फैसला अभी सरकार द्वारा लिया जाना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार 3 जुलाई को आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेगी, जो संसद के विशेष सत्र का आखिरी दिन है। यह मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्ण बजट होगा। खेल सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त के बीच चलेगा। निर्मला सीतारमण ने 12 जून को वित्त और कॉपोरेट मामलों के मंत्री के रूप में अपने दूसरे लगातार कार्यकाल के लिए पदभार संभाला है। गुरुवार को नियमित रूप से केंद्रीय बजट 2024-25 की तैयारी से संबंधित कार्य शुरू हो गया।

# सेंसेक्स 181 अंक चढ़कर 76,992 पर हुआ क्लोज

मुंबई, एजेंसी

निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रहा। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 270.4 अंक यानी 0.35 प्रतिशत चढ़कर 77,081.30 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टूब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को आए अनुकूल निर्यात आंकड़ों से भी प्रभावित हुआ। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान देश का आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया, जापान का निक्की तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार तक गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82.65अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,033 करोड़ रुपये की कीमत के शेयरों की बिक्री की।

# इमाम उल-हक ने कप्तान बाबर आजम का किया समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी



बाबर आजम की कप्तानी में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में अपने प्रदर्शन के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम लगातार आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन पाकिस्तान के बल्लेबाज इमाम-उल-हक ने बाबर का समर्थन करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय टीम के लिए अब तक उन्होंने जो कुछ भी किया है, उसके लिए उनका सम्मान किया जाना चाहिए। पाकिस्तान पहले ग्रुप मैच में यूएसए के खिलाफ चौंकाने वाली हार और फिर भारत के हाथों मिली करारी हार के कारण चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज से बाहर होने की कगार पर है। टूर्नामेंट में पहली दो हार के बाद, पाकिस्तान ने कनाडा को हराकर अपनी हार का सिलसिला वापस जीता। हालांकि, अब उनकी किस्मत उनके हाथ में नहीं है और उन्हें अपने आखिरी ग्रुप गेम में आयरलैंड को हराना होगा, जबकि उन्हें उम्मीद है कि यूएसए आयरलैंड से हार जाएगा। टीम के अलावा, बल्ले से बाबर के प्रदर्शन की भी जांच की जा रही है और पाकिस्तान के बल्लेबाज अहमद शहजाद भी इस सूची में शामिल होने वाले नए नाम हैं। हालांकि, शहजाद के बयान के बाद, इमाम-उल-हक 29 वर्षीय बाबर के समर्थन में सामने आए हैं और कहा है कि उनका सम्मान किया जाना चाहिए। इमाम उल हक ने जियो टीवी के चैट शो में कहा कि हम लंबे समय से पाकिस्तान के लिए खेल रहे हैं। आप आलोचना कर सकते हैं और आपको ऐसा करने का अधिकार है। हम सभी इस बात से खुश नहीं हैं कि पाकिस्तान भारत से हार गया, लेकिन कृपया यह न भूलें कि खिलाड़ियों का सम्मान करना नहीं भूलना चाहिए। वह आपका कप्तान है, भविष्य में उसे हटाएं या न हटाएं, वह वर्तमान में टीम का लीडर है। अगर आप उसे किंग नहीं मानते हैं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि दुनिया उसे यही कहती है। आप जो कुछ भी कहते हैं, उससे अंत में कोई फर्क नहीं पड़ता है। अगर आजम खान के लिए सम्मान की बात आ रही है, और लोग कह रहे हैं कि उसे बॉडी शेम मत करो, तो बाबर के लिए भी यही होना चाहिए। वह एक पाकिस्तानी खिलाड़ी ही है।

## शेयर बाजार का एमकैप दुनिया में चौथे स्थान पर

मुंबई, एजेंसी

सभी बीएसई-लिस्टेड कंपनियों का टोटल मार्केट कैप अब हांगकांग से भी अधिक है। इससे यह फिर से वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा इक्विटी बाजार बन गया है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में बीएसई का सभी सूचीबद्ध एमकैप हांगकांग के 5.17 ट्रिलियन डॉलर के मुकाबले 5.18 ट्रिलियन डॉलर है। बता दें कि अमेरिका 56.49 ट्रिलियन डॉलर के एमकैप के साथ दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है, चीन 8.84 ट्रिलियन डॉलर के एमकैप के साथ दूसरे स्थान पर है। जापान 6.30 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर है। भारतीय बाजार इस साल 23 जनवरी को हांगकांग से आगे निकल गए थे, लेकिन बाद में हांगकांग के हैंगसेंग सूचकांक में 12 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हुई, जिसके बाद फिर से चौथे स्थान पर आ गए। जनवरी से अब तक लगभग 20 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ तेजी वाले बाजार में प्रवेश कर गए है। चुनाव नतीजों के बाद भारतीय शेयर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। 4 जून को बाजार में 6 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई थी।

## भारत की थोक महंगाई मई में बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मई में भारत की थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति में 2.61 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसका मुख्य कारण फूड आइटम्स हैं। मई के आंकड़े अर्थशास्त्रियों के अपेक्षित 2.5 फीसदी बढ़ोतरी से अधिक है। अप्रैल में वर्ष-दर-वर्ष 1.26 फीसदी की वृद्धि से भी अधिक थे। यह फरवरी 2023 के बाद से पिछले 15 महीनों में सबसे अधिक है। फूड आइटम्स की कीमतों में वार्षिक आधार पर 7.4 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि अप्रैल में इसमें 5.52 फीसदी की वृद्धि हुई थी, जबकि सब्जियों की कीमतों में वार्षिक आधार पर 32.42 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि पिछले महीने इसमें 27.94 फीसदी की वृद्धि हुई थी। मई महीने में बढ़ी हुई मुद्रास्फीति मुख्य रूप से कच्चे पेट्रोलियम और नेचुरल गैस, खनिज तेलों, खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। अप्रैल में डब्ल्यूपीआई 13 महीने के उच्चतम स्तर 1.26 फीसदी पर आया और मार्च में यह 0.53 फीसदी पर आया। थोक मूल्य सूचकांक या डब्ल्यूपीआई उन वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को मापता है।

## टीम इंडिया के सुपर-8 के मुकाबले हुए तय

नई दिल्ली, एजेंसी



वेस्टइंडीज और यूएसए की संयुक्त मेजबानी में खेला जा रहा टी20 वर्ल्ड कप 2024 का ग्रुप चरण अब अपने अंतिम दौर में है। इसके बाद टूर्नामेंट सुपर-8 दौर में जाएगा। जिसमें शीर्ष 8 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। टीम इंडिया ने ग्रुप स्टेज में आयरलैंड, पाकिस्तान और यूएसए को हराकर सुपर-8 का टिकट पक्का कर लिया है। इस खबर में अब आपको बताएंगे की सुपर-8 में भारत के मुकाबले किन टीमों से होने हैं। भारत को सुपर-8 में ग्रुप-1 में रखा गया है। टीम इंडिया को इस चरण में अपने ग्रुप की 3 टीमों से 3 मुकाबले खेलने हैं। भारत के अलावा ग्रुप-1 में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान की टीमें शामिल हैं। इन दोनों टीमों ने सुपर-8 में जगह बना ली है। वहीं, एक टीम कौन-सी होगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। ग्रुप स्टेज की समाप्ति तक इस चौथी टीम का नाम भी सामने आ जाएगा। भारत को सुपर-8 में अपना पहला मुकाबला 20 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। वहीं, टीम इंडिया अपना दूसरा मुकाबला 22 जून को एंटीगुआ में खेलेगी, जिसमें उसका सामना ग्रुप-डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा, जो अभी तय नहीं हुआ है। इसके बाद भारत को सुपर-8 चरण का अपना तीसरा मुकाबला 24 जून को सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। ग्रुप स्टेज से 4 ग्रुप की नीचे की 3-3 टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो जायेंगी। वहीं, चारों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सुपर-8 चरण में पहुंचेगी। टॉप-8 टीमों को सुपर 8 चरण के दौरान अन्य 2 ग्रुप में बांटा जाएगा, जिसमें सेमीफाइनलिस्ट 4 टीमें निर्धारित करने के लिए सभी टीमों को अपने ग्रुप की टीमों के खिलाफ 3 मैच खेलने होंगे। सेमीफाइनल प्रत्येक सुपर-8 ग्रुप की शीर्ष 2 टीमों के बीच खेला जाएगा। जिसकी विजेता टीमें 29 जून को बारबाडोस में फाइनल खेलेंगी।

# अफगानिस्तान ने पापुआ न्यू गिनी को 7 विकेट से हराकर सुपर-8 में किया प्रवेश

नई दिल्ली, एजेंसी



टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लीग स्टेज का 29वां मैच ग्रुप सी से आज अफगानिस्तान और पापुआ न्यू गिनी के बीच खेला गया। इस मैच में अफगानिस्तान ने 7 विकेट से जीत दर्ज कर सुपर-8 में जगह बना ली है। इसके साथ ही उसने न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को सुपर-8 की रेस से बाहर कर दिया है। ग्रुप सी से वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान की टीमें सुपर-8 में जगह बना चुकी हैं, जबकि न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी और यूगांडा की टीमें बाहर हो चुकी हैं। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पापुआ न्यू गिनी पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रनों पर ऑलआउट हो गई। अफगानिस्तान ने इस लक्ष्य को 15.1 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया और पापुआ न्यू गिनी को 7 विकेट से हरा दिया। पापुआ न्यू गिनी का कोई भी बल्लेबाज इस मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाया। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन 27 परन किपलिन डोरिगा ने बनाए। उन्होंने 32 गेंदों का सामना करते हुए 2 चौकों की मदद से 27 रनों की पारी खेली। उनके अलावा एली नाओ ने 19 गेंदों में 2 चौकों के साथ 13 रन और टोनी उरा ने 18 गेदों में 1 चौके के साथ 11 रन बनाए। इन बल्लेबाजों के रनों की बदौलत टीम 95 रनों तक पहुंच पाई। अफगानिस्तान के लिए फजलहक फारूकी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट हासिल किए।

उनके अलवा नवीन-उल-हक ने 2 और नूर अहमद ने 1 विकेट हासिल किया। इसके अलावा 4 बल्लेबाज रन आउट हुए। पापुआ न्यू गिनी से मिले 96 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आए रहमानुल्लाह गुरबाज इब्राहिम जादरान आए। जादरान शुन्य और गुरबाज 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद अजमतुल्लाह उमरजई भी 13 रन बनाकर आउट हो गए।

अफगानिस्तान को गुलबदीन नाइब और मोहम्मद नबी ने शानदार पारी खेल जीत दिला दी। नाइब ने 36 गेंदों में 4 चौकों और 1 छक्के के साथ नाबाद 44 और नबी ने 23 गेंदों में 1 चौकों के साथ नाबाद 16 रन बनाए। पापुआ न्यू गिनी के लिए ली नाओ, सेमो कामेआ और नॉर्मन वनुआ ने 1-1 विकेट हासिल किया। इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने सुपर-8 में धाकेदार एंट्री मार ली है।

# इंग्लैंड ने ओमान को 8 विकेट से रौंदकर सुपर-8 में पहुंचने की उम्मीद रखी जिंदा

नॉर्थ साउंड (एंटीगुआ), एजेंसी



इंग्लैंड ने ओमान को 8 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने अपने सुपर-8 में पहुंचने की उम्मीदों को अभी भी जिंदा रखा है। आदिल राशिद के 4-11 के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने गुरुवार को ओमान को 47 रन पर आउट करके ट्वेंटी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। फिल साल्ट ने इंग्लैंड की पारी की पहली दो गेंदों पर छक्के जड़े, लेकिन नाटकीय शुरूआत में तीसरी गेंद पर आउट हो गए। इंग्लैंड ने सबसे तेज जीत का पीछा किया। कप्तान जोस बटलर के आठ गेंदों पर 24 रन की बदौलत टीम ने केवल 3.1 ओवर में 50-2 का स्कोर बनाया। जीत की अहमियत ही नहीं, बल्कि जिस तेजी से यह हासिल की गई, उससे टूनार्मेंट में इंग्लैंड का प्रदर्शन बेहतर हुआ। वह तीन अंकों के साथ ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। वह पहले से ही क्वालीफाई कर चुके ऑस्ट्रेलिया (छह अंक) और स्कॉटलैंड (पांच अंक) से पीछे है।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैच से पहले इंग्लैंड का नेट रन-रेट माइनस 1.800 था, जो अब स्कॉटलैंड के प्लस 2.164 से आगे बढ़कर प्लस 3.081 हो गया है। बटलर ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का फैसला किया, यह मानते हुए कि अगर इंग्लैंड लक्ष्य का पीछा करता है तो रन रेट समीकरण को संभालने की बेहतर स्थिति में होगा। यह योजना तब काम आई जब इंग्लैंड ने सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम की कांच जैसी सतह पर ओमान को 13.2 ओवर में 47 रन पर आउट कर दिया, जो इंग्लैंड के लेग स्पिनर राशिद (4) और इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर (3) और मार्क वुड (3) दोनों की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत हुआ। इंग्लैंड को जल्दी विकेट की जरूरत थी और आर्चर ने मैच के दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर अपना पहला विकेट हासिल किया। उन्होंने प्रतीक अठावले को साल्ट के हाथों कैच कराया, जिसे अठावले ने गलत तरीके से खेला। इसके बाद आर्चर ने चौथे ओवर में कप्तान आकिब इलियास को आउट किया, जब ओमान का स्कोर 16-2 था। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने पारी के शीर्ष पर अच्छा प्रदर्शन किया और वुड ने जीशान मकसूद (1) और कश्यप प्रजापति (9) के विकेट चटकाए, जिससे छह ओवर की पावर के अंत में ओमान का स्कोर 25-4 हो गया। खेल। प्रजापति पावर प्ले के आखिरी ओवर में आउट हो गए और खालिद कैल (1) को राशिद की पहली गेंद पर बटलर ने स्टंप आउट कर दिया। राशिद ने मेहरान खान (0), फैयाज बट (2) और कलीमुल्लाह (5) को भी आउट किया। उनकी गुगली ओमान के बल्लेबाजों के लिए खास तौर पर परेशानी का सबब रही। आर्चर ने शोएब खान (11) को आउट किया और 3-12 के साथ समाप्त किया और वुड ने अयान खान (1) को आउट किया और 3-12 के साथ समाप्त किया। सॉल्ट ने इंग्लैंड की पारी की पहली दो गेंदों को लंबी बाउंड्री के पार छक्के के लिए मारा, फिर बिलाल खान (1-36) की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए क्योंकि उन्होंने फिर से टी ऑफ किया। जैक्स ने आकर शांत भाव से चौथी गेंद का बचाव किया। बटलर ने 101 गेंद शेष रहते इंग्लैंड को जीत दिलाई, जिसमें एक छक्का और चार चौके शामिल थे। जॉनी बेयरस्टो ने दो गेंदों पर दो चौके लगाए, जिसमें चौथे ओवर की पहली गेंद पर बनाए गए विजयी रन भी शामिल हैं। इंग्लैंड अब रविवार को नामीबिया से खेलेगा। सुपर आठ चरण के लिए उसका क्वालीफिकेशन अभी भी ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच रविवार को होने वाले दूसरे ग्रुप मैच के नतीजे पर निर्भर है।अगर स्कॉटलैंड जीतता है, तो वह क्वालीफाइ कर लेगा। अगर ऑस्ट्रेलिया बेहतर नेट रन-रेट के साथ जीतता है, तो इंग्लैंड के आगे बढ़ने की संभावना है।

वर्ष -60, रजिस्ट्रेशन संख्या : WB HIN/ 00780 **अखबार के स्वामी** : के के एम पब्लिशर के लिए **मुद्रक एवं प्रकाशक** राजीव नयनम द्वारा प्रकाशित तथा एल.एस. पब्लिकेशन प्रा. लि. 4 केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता-15 से मुद्रित और के के एम पब्लिशर, 7 मैंगोलेन (प्रथम तल), कोलकाता-700001 से प्रकाशित.
**संपादक** - अशोक पांडेय*, फोन - 033-48032897, मेल - sutrakaar.news @gmail.com